इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 44 अंक - 325 राजनांदगांव, बुधवार 15 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8+4=12 मूल्य - 4.00 रुपए

## नेपाल के बाद ईस्ट अफ्रीका में जेन-जी आंदोलन की लहर, मेडागास्कर के राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे

एंटानानारिवो। नेपाल और बांग्लादेश के बाद अब अफ्रीका में जेन-जी की विरोधी आंदोलनों ने एक और सरकार को गिरा दिया है। मेडागास्कर के राष्ट्रपति अंद्री राजोएलिना देश छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए, यह जानकारी विपक्ष और अधिकारियों ने दी।

राजोएलिना ने देर रात राष्ट्रीय टीवी पर एक अनिर्दिष्ट स्थान से कहा कि सेना में विद्रोह के बाद उन्हें अपनी जान की सुरक्षा के लिए देश छोड़ना पड़ा। उन्होंने इस मौके पर इस्तीफा देने की घोषणा नहीं की।

### कुछ हफ्तों से जारी था जेन-जेड के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

राजोएलिना कुछ हफ्तों से जेन-जी के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रहे थे। शनिवार को विरोध का नाटकीय मोड़ तब आया जब एक विशेष सैन्य इकाई ने विरोध में शामिल होकर राष्ट्रपति और अन्य मंत्रियों से इस्तीफा देने की मांग की। इसके बाद



राजोएलिना ने कहा कि इंडियन ओशन द्वीप में सत्ता पर अवैध कब्जा करने का प्रयास हो रहा है और उन्होंने देश छोड़ने का निर्णय लिया।

राजोएलिना ने अपने भाषण में कहा कि मैं अपनी जान की सुरक्षा के लिए सुरक्षित स्थान पर जाने को मजबूर था। उन्होंने संवाद की अपील की और कहा कि संविधान का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने मेडागास्कर कैसे छोड़ा या वर्तमान में कहां हैं, लेकिन रिपोर्ट्स में कहा गया कि उन्हें फ्रांसीसी सैन्य विमान द्वारा देश से बाहर ले जाया गया।

### सेना में बगावत, सत्ता पर कब्जे का दावा

मेडागास्कर की एक विशेष सैन्य इकाई CAPSAT ने बगावत कर दी है और दावा किया है कि अब पूरा सैन्य नियंत्रण उसके पास है। इस इकाई के प्रमुख, कर्नल माइकल रेंड्रियनरीना ने कहा कि सेना जनता की आवाज पर प्रतिक्रिया दे रही है और यह कोई तख्तापलट नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके सैनिक अब प्रदर्शनकारियों के साथ हैं और सप्ताहांत में झड़पों में उनका एक सैनिक मारा गया। राजधानी में बख्तरबंद गाड़ियों पर सवार सैनिकों को लोग मेडागास्कर के झंडे लहराते हुए स्वागत कर रहे थे।

### तीन हफ्तों से जारी विरोध प्रदर्शन

25 सितंबर से शुरू हुए ये प्रदर्शन शुरू में पानी और बिजली की किल्लत को लेकर थे, लेकिन धीरे-धीरे यह आंदोलन राष्ट्रपति और उनकी सरकार के खिलाफ (शेष पृष्ठ 7 पर...)

## सूरज बुद्धदेव राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूची में शामिल



**दुर्ग संभाग समिति में शशांक तिवारी, अशोक पांडे का चयन**

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के पत्रकारों की अधिमान्यता समिति की आज जारी सूची में संस्कारधानी राजनांदगांव के पत्रकारों को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। जिससे जिले के प्रेस जगत में हर्ष का माहौल है। दैनिक दावा के सम्पादक सूरज बुद्धदेव को राज्य स्तरीय अधिमान्यता सूची में शामिल किया गया है। वहीं अशोक पांडे (नांदगांव टाइम्स) और शशांक तिवारी (सबेरा संकेत) को दुर्ग संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति में चयनित किया गया है। जिले के पत्रकार साथियों एवं नागरिकों ने तीनों पत्रकारों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के पत्रकार समुदाय के लिए गौरव का विषय है। पत्रकार साथियों ने सूरज बुद्धदेव की निष्पक्ष और जनसरोकार आधारित पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पत्रकारिता ने सदैव समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची पत्रकारिता वही है, जो समाज के हित में निडरता से सत्य को सामने लाए।

## जैसलमेर में भीषण सड़क हादसा, बस में आग लगने से अब तक 20 लोगों की मौत, कई झुलसे

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर जिले में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया. जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक बस में अचानक आग लग गई, जिसमें 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. पोकरण के बीजेपी विधायक ने अबतक 20 मौतों की पुष्टि की है. हादसा दोपहर करीब 3.30 बजे थैयत गांव के पास, जैसलमेर से लगभग 20 किलोमीटर दूर हुआ.



### बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से 50 से ज्यादा यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी. थैयत गांव पार करते ही बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा और कुछ ही पलों में पूरी बस आग की लपटों में घिर गई. यात्रियों में चीख-पुकार मच गई. कई लोग खिड़कियों और दरवाजों से किसी तरह बाहर निकले. गांववालों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया. उन्होंने आसपास के जल स्रोतों से पानी और रेत की मदद से आग बुझाने की कोशिश की. इस बीच सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में करीब एक घंटे का समय लगा.

### हम पहुंचे तो कोई भी व्यक्ति जिंदा नहीं मिला

नगर परिषद के दमकलकर्मी और असिस्टेंट फायर ऑफिसर पृथ्वीपाल सिंह राठौर ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम लगभग 10 मिनट में मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी. उन्होंने कहा, जब हम पहुंचे तो कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला जिसे हम जिंदा निकाल पाते.

### सीएम ने पटना में प्रचार का कार्यक्रम स्थगित किया

हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसलमेर पहुंचे. उन्होंने जैसलमेर में हादसे में नष्ट हुई बस का भी

## टॉप नक्सली लीडर का 60 साथियों के साथ सरेंडर, एक करोड़ का इनामी था सोनू

गढ़चिरौली। नक्सवाद पर एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुख्यात माओवादी नेता मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू ने अपने 60 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। सोनू पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसके बाद अब अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है। भाकपा-माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने मंगलवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 60 माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ हथियार डाल दिए। यह भाकपा-माओवादी के लिए एक बड़ा झटका है और यह केंद्रीय (शेष पृष्ठ 7 पर...)





**भूपेश बघेल की विधायकी पर खतरा**

## हाईकोर्ट ने विजय बघेल की चुनाव याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला रखा सुरक्षित

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। ऐसे में अब फैसला कभी भी आ सकता है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भूपेश बघेल के खिलाफ चुनाव याचिका लगाई है। याचिका में कहा गया था कि, आचार संहिता का भूपेश ने खुला उल्लंघन किया और निर्वाचन शून्य किया जाए। जिसके बाद भूपेश बघेल की तरफ से 16 बिंदु पेश कर याचिका में कहा गया था कि, यह चलने योग्य नहीं है। आज दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। यह चुनाव याचिका उनके ऊपर लगाए गए आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों के संबंध में दायर की गई है। इस चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी (शेष पृष्ठ 7 पर...)












## पहला कॉलम...

### निगम कर्मचारियों की मांग दीपावली से पूर्व मिले वेतन, भत्ता और बोनस



**आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी ने किया कर्मचारियों की आवाज बुलंद**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कर्मचारियों ने अपने लंबित वेतन, महंगाई भत्ता, दिवाली बोनस, साड़ी एवं यूनिफॉर्म की मांग को लेकर निगम प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की अपील की है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी (भाई राजा) ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कर्मचारियों को समय पर पेमेंट और अन्य भत्ते न मिलने से उनके परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर कर्मचारियों को उनका हक मिलना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे अपने परिवारों के साथ खुशियों और उल्लास से पर्व मना सकें। श्री सोनी ने आगे कहा कि कर्मचारियों की मेहनत से ही नगर निगम सुचारू रूप से चलता है इसलिए उनके हितों की अनदेखी किसी भी हाल में उचित नहीं है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि वे तत्काल सभी कर्मचारियों को लंबित वेतन, महंगाई भत्ता, दिवाली बोनस, साड़ी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सदैव कर्मचारियों, आम जनता और मेहनतकश वर्ग के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी ऐसे मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

### पसरा टैक्स ना लें : दीवाली पर राकेश ठाकुर ने की कुम्हारों को राहत देने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रमुख राकेश ठाकुर (अधिवक्ता) ने आगामी दीवाली के अवसर पर स्थानीय कुम्हारों और छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन से महत्वपूर्ण निवेदन किया है। श्री ठाकुर ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिट्टी के दीये एवं अन्य पारंपरिक मिट्टी से निर्मित वस्तुओं के विक्रय पर पसरा टैक्स न वसूलने का आदेश जारी किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन और निगम प्रशासन से यह भी मांग की है कि कुम्हार भाइयों और छोटे व्यापारियों द्वारा विभिन्न स्थानों और चौक-चौराहों पर लगाए गए पसरा (अस्थायी दुकानें) को दीपावली सीजन तक न हटाया जाए। राकेश ठाकुर ने कहा कि इन कदमों से सभी वर्ग दीवाली का त्यौहार आनंद पूर्वक मना सकेंगे और प्रधानमंत्री द्वारा आह्वान किए गए 'वोकल फॉर लोकल' की ओर तेजी से बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सिर्फ मिट्टी के बने हुए दीये और पारंपरिक वस्तुएं खरीदें, जिससे स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके।

# आज अपने लाडले विधायक का जन्मदिन मनाएगी संस्कारधानी

**स्पीकर हाउस एवं शिवनाथ वाटिका में होगा आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के लोग आज अपने लाडले विधायक और विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिवस धूमधाम से मनाएंगे। इस अवसर को जिला भाजपा के द्वारा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर शहर सहित जिले भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह स्थानीय स्पीकर हाउस में दोपहर तीन बजे पहुंचेंगे। जहां श्री सिंह को जन्मदिन की बधाई देने के लिए प्रदेश भर के आये प्रबुद्ध नागरिकों एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पहुंच रहे हैं। इसके अलावा मठपारा स्थित शिवनाथ वाटिका में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने जनप्रिय नेता डॉ. रमन सिंह के सम्मान हेतु समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमे राजनांदगांव के अलावा अन्य जिलों के कार्यकर्ता भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की कड़ी में स्पीकर हाउस में आयोजित रात्रि भोज में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के अन्य मंत्री भी उपस्थिति रहेंगे। यंहा से रात्रि 9 बजे डॉ. रमन सिंह स्टेट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होंगे। श्री राजपूत ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर डॉ. रमन सिंह दो दिन नगर प्रवास पर रहेंगे और विविध कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे।

**51 वार्डों में स्वच्छता अभियान, 71 गांवों में होगा वृक्षारोपण**

जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी ने बताया कि डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन समारोह के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत 51 वार्डों में स्वच्छता अभियान और 71 गांवों में वृक्षारोपण का वृहद कार्यक्रम से होगी। श्री कोठारी ने बताया कि अपने नगर प्रवास के दौरान 16 अक्टूबर को डॉ. रमन सिंह दिव्यांग बच्चों और स्वच्छता दीदियों के साथ भी जन्मदिन मनाएंगे। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में निर्मित जीम का उद्घाटन और गौरव पथ में नवनिर्मित प्रयास विद्यालय का शुभारंभ भी डॉ. रमन सिंह करेंगे।

**कैलाश खेर को सुनने लोगों में भारी उत्साह**

डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित संगीत सरिता में सुरों का रस प्रवाहित करने प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर आज राजनांदगांव पहुंचेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष भावेश बैद ने बताया कि राजनांदगांव के लाडले विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर को भव्य स्वरूप देने के लिए युवा वेलफेयर फाउंडेशन तीन वर्षों से कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के 73वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए इस बार राजा बलरामदास स्टेट स्कूल में कैलाशा नाईट का आयोजन किया जा रहा है। श्री बैद ने बताया कि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित देश के प्रसिद्ध पाप राक गायक कैलाश खेर आज प्रस्तुति देंगे। श्री बैद ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दर्शकों की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंध व्यवस्था की गई है। वहीं पार्किंग को लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

# आज डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर उमड़ेगी भीड़

**पुलिस प्रशासन ने की ट्रैफिक एडवायजरी जारी**

राजनांदगांव (दावा)। आज डॉ. रमन सिंह का 73वें जन्मदिन पर शहर में भारी भीड़ रहेगी। डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने शहर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित पूरे प्रदेश भर के मंत्री व नेताओं का जमावड़ा रहेगा। इसके मद्देनजर नजर स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा आज 15 अक्टूबर बुधवार की शाम से रात्रि तक के लिए ट्रैफिक एडवायजरी जारी की गई है।

बताते चलें कि आज 15 अक्टूबर को स्टेट स्कूल मैदान में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम को देखने शहर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से अत्यधिक संख्या में लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान शहर के भीतर भारी वाहनों एवं मध्यम वाहनों का प्रवेश पूर्णः प्रतिबंधित रहेगी। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा जारी किए गए ट्रैफिक एडवायजरी में आज 15 अक्टूबर की शाम 15 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक के लिए इन क्षेत्रों में आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। इसमें बालोद की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मोहारा बायपास से खैरागढ़ की अेर से आने वाले भारी वाहनों को गठुला से एवं राष्ट्रीय राजमार्ग-53 से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी बायपास से डायवर्सन कर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

गेट नंबर 1 बल्देव बाग दैनिक दावा कार्यालय के सामने स्टेट स्कूल गेट व्हीआईपी पासधारी दर्शकों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग सबेरा संकेत कार्यालय के पास एवं महारानी स्कूल मैदान में होगा। गेट नंबर 2 खैरागढ़ रोड से फैमिली पासधारी दर्शकों का प्रवेश रहेगा। इनका पार्किंग दिग्विजय क्लब एवं नगर निगम कार्यालय में रहेगा। गेट नंबर 3 लॉ कॉलेज के बाजू स्टेट स्कूल प्रवेश द्वार से केवल व्हीव्हीआईपी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनां का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्टेट स्कूल मंच के पीछे रहेगा। गेट नंबर 4 लॉ कॉलेज के बाजू तहसील जाने वाली रोड गोल्डन पासधारी एवं मेम्बर फैमिली पास वाहनों का प्रवेश होगा। इनका पार्किंग स्थल तहसील कार्यालय परिसर रहेगा। इसके अतिरिक्त जनरल पार्किंग हेतु नया बस स्टैण्ड, एबीस पार्किंग बल्देव बाग, फ्लाई ओव्हर के नीचे, महाराणा प्रताप गार्डन नया बस स्टैण्ड के पास, म्यूनिसिपल स्कूल मैदान, पुत्री शाला पार्किंग, म्यूनिसिपल स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल रहेगा। जहां अपने वाहन पार्किंग कर कार्यक्रम में शामिल हे सकते है। शहर में खैरागढ़ की ओर से आने वाली चारपहिया वाहनों का प्रवेश देशमुख होटल चिखली से बंद रहेगा। अगर शहर की ओर आना चाहते है तो पुराना ढाबा, मोतीपुर की ओर से होकर शहर की ओर आ सकते है।

### गाय माता को राजमाता का दर्जा देने के प्रयास पर साधुवाद : अशोक फड़नवीस



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री की सोच के साथ भविष्य की योजना के अनुसार प्रदेश में गाय माता को राजमाता माता का दर्जा दिलाने कटिबद्ध है। अशोक फडनवीस ने गाय माता को राजमाता का दर्जा देने के पूर्व प्रमुख बिंदुओं पर राज्य नियम अधिनियम में गाय माता के रखरखाव की विशेष व्यवस्था करने की मांग की है। गाय पालने वाले लावारिस नहीं छोड़े साथ ही सड़कों पर लावारिस स्थिति में ना बैठे। उनके कारण दुर्घटनाओं से किसी की मृत्यु न हो ऐसी स्थिति में मुआवजा की राशि 25 लाख हो। गायों की मृत्यु होने पर उनका सम्मान हिन्दू विधि विधान से राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाने की शासकीय व्यवस्था हो। अगर गाय माता को पालने में कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से अक्षम हो तो उसे सरकार सेवा समिति का गठन कर गाय माता का पालन पोषण करने की व्यवस्था करे। राजमाता को कोई बूचड़खाने ले जाने पकड़ाए गए तो कठोर सजा देने अलग से कानून बनाए जाए।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज से जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 एवं 16 अक्टूबर 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा।

विधानसभा अध्यक्ष शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक राजनांदगांव शहर के शिवनाथ वाटिका में आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक स्टेट स्कूल ग्राउण्ड राजनांदगांव में आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रात्रि 10.10 बजे तक स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 16 अक्टूबर 2025 को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में दिव्यांगजनों को सामग्री वितरण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.20 बजे तक गौरवपथ स्थित प्रयास विद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात करेंगे एवं हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में जीम का उद्घाटन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में स्वच्छता दीदीयों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2:10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आज पेंशनरों का मशाल जुलूस, दो प्रतिशत डीए की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ (पंजीयन क्र. 1844) द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 15 अक्टूबर बुधवार को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह निर्णय एसोसिएशन की मासिक बैठक 13 अक्टूबर को लिया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उनके हक और अधिकार की उपेक्षा किए जाने को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है। प्रदेश के कर्मचारियों और अधिकारियों को केंद्र के समान दैनिक महंगाई भत्ता प्रदान कर दिया गया है, किंतु पेंशनरों को अभी तक इसका लाभ नहीं दिया गया है। मशाल जुलूस आज सुबह 11 बजे पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर से प्रस्थान करेगा। जुलूस जिला कलेक्टर कार्यालय राजनांदगांव पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। पेंशनरों की मुख्य मांग है कि उन्हें भी दीपावली से पूर्व शीघ्र दो प्रतिशत डीए (महंगाई भत्ता) की घोषणा की जाए। इस आयोजन में तहसील, जिले और प्रांत स्तर के पेंशनर्स बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सभी पेंशनरों से अपील की गई है कि वे अपनी मांग के समर्थन में सुबह 10:30 बजे पेंशनर्स भवन, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में आवश्यक रूप से पहुंचे।

**डॉ. रमन सिंह आज रायपुर में 10 बजे से 11:30 तक जनता से करेंगे मुलाकात**

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह अपने जन्मदिवस के अवसर पर 15 अक्टूबर 2025 को जनता से मुलाकात करेंगे। वे सुबह 10 से 11:30 बजे तक रायपुर के शंकर नगर स्थित निवास स्थान (स्पीकर हाउस) में उपस्थित रहकर जनता, शुभचिंतकों और समर्थकों से संवाद करेंगे। इसके उपरांत, दोपहर 12 बजे वे राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेंगे, जहाँ वहाँ आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर जनता के साथ जन्मदिवस मनाएंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से करेंगे मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह 16 अक्टूबर को प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात करेंगे। इसी कड़ी में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज प्रयास आवासीय विद्यालय में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इसके साथ ही बालिका छात्रावास और बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री यादव ने प्रयास आवासीय विद्यालय में पर्याप्त प्रकाश और माईक की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने बालिका छात्रावास में सभी कार्यों के लिए महिला स्टॉफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बालिका छात्रावास में 24 घंटे महिला सहायक अधीक्षिका की ड्यूटी लगाने कहा। परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे, लाईट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बालिका छात्रावास में किचन और वाशिंग एरिया में बाउंड्रीवाल के लिए तत्काल प्राक्कलन तैयार करने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के 113 बच्चों का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया है। आवासीय विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल एवं मेस की सुविधा है। दोनों हॉस्टल के लिए अधीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा हेतु चार सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है तथा पूरा कैम्पस सीसीटीवी की निगरानी में है। 12 क्लास रूम फेकल्टीस का चयन भी रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से डेमो के पश्चात किया गया है।







# जल जीवन मिशन में दीपावली पूर्व बकाया भुगतान होगा, पीडब्ल्यूडी के मुद्दे भी सुलझेंगे



○ जल जीवन मिशन में दिवाली पूर्व बकाया भुगतान होगा, पीडब्ल्यूडी के मुद्दे भी सुलझेंगे
○ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन को डिप्टी सीएम अरुण साव और अफसरों ने दिलाया भरोसा

रायपुर (दावा)। राज्य के निर्माण कार्यों में अटके हुए बकाया भुगतान और अन्य समस्याओं से जूझ रहे ठेकेदारों के लिए राहत भरी खबर है। जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे ठेकेदारों को दिवाली से पहले बकाया बिलों के भुगतान का भरोसा मिला है। साथ ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में लंबित बिलों, 18 प्रतिशत जीएसटी भुगतान और अन्य विसंगतियों को लेकर भी समाधान की दिशा में पहल शुरू हो गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी, पीएचई मंत्री अरुण साव से नवा रायपुर में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विभागों में व्याप्त अनियमितताओं, बकाया बिलों के अटके रहने और भुगतान में हो रही देरी के मुद्दों को विस्तार से रखा।

**ठेकेदारों ने रखी अपनी पीड़ा**

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने बैठक में कहा कि सरकारी निर्माण विभागों में ठेकेदार लंबे समय से परेशान हैं। 'बिलों के भुगतान में लगातार देरी होने से ठेकेदार श्रमिकों को मजदूरी नहीं दे पा रहे हैं और मटेरियल सप्लायर्स पर भी बकाया बढ़ता जा रहा है। फंड की कमी सबसे ज्यादा जल जीवन मिशन के कामों में है, जहां एक से डेढ़ साल से भुगतान अटका हुआ है,' उन्होंने कहा बीरेश शुक्ला ने मांग की है कि, पीएचई विभाग के 5000 करोड़ रुपये के बजट से बकाया बिलों का तत्काल भुगतान कराया जाए ताकि ठेकेदार दिवाली से पहले राहत महसूस कर सकें।

**डिप्टी सीएम ने दिया भरोसा**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि वे मुख्यमंत्री से चर्चा कर फंड स्वीकृत कराकर दिवाली पूर्व बकाया भुगतान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी की विसंगतियों को लेकर दिवाली के बाद प्रमुख सचिव, सचिव, प्रमुख अभियंता और एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर निराकरण किया जाएगा। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के डायरेक्टर जितेंद्र शुक्ला और संयुक्त संचालक पांडेय से भी एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए विभागीय विसंगतियों और भुगतान से जुड़ी समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की। अफसरों ने भी शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

एसोसिएशन का मानना है कि विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान व्यवस्था से न केवल निर्माण कार्यों की गति बढ़ेगी बल्कि प्रदेश के विकास कार्यों को भी नई दिशा मिलेगी।

### डाक घर में पेंशन अदालत 27 को

राजनांदगांव (दावा)। अधीक्षक डाकघर राजनांदगांव संभाग (संचार मंत्रालय, भारतीय डाक विभाग) द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु पेंशन अदालत का आयोजन दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को कर रहा है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि, दिनांक 24.10.2025 निर्धारित की गयी है।

पेंशन अदालत का आयोजन कार्यालय अधीक्षक डाकघर राजनांदगांव संभाग, राजनांदगावं में दिनांक 27.10.2025 को सुबह 11 बजे किया जाएगा, जिसमें संभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वे अपनी पेंशन संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए दिनांक 24.10.2025 तक आवेदन कर सकते है। आवेदक द्वारा आवेदन दो प्रतियों में विवरण जैसे नाम, पता, मोबाइल संख्या, पीपीओ नंबर, सेवानिवृत्ति की तिथि अवश्य लिखें।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

**ईश्तहार**

आवेदिका श्रीमती सुशीला देवी सारडा ध.प. भागीरथजी सारडा निवासी-कौरिनभांठा शहर, तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर भूमि खसरा नं. 168/13 मूल खसरा 168/1 से बंटवारे में जमीन रकबा 46 1/2 डिसमिल भूमि ग्राम कौरिनभांठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग. में स्थित है। जिसमें से 0.43 डिसमिल रकबा जमीन में से अपने पुत्र गोविन्द राम सारडा को पूर्व में दिनांक 30/11/2005 को तहसीलदार के समक्ष दे दी गई है। जिसका खसरा बंटवारा हो चुका है एवं गोविन्द राम सारडा के नाम से ऑनलाईन दर्ज है खसरा नं. 168/14, 168/15 एवं आवेदक के नाम में शेष भूमि अब 3 1/2 डिसमिल बची है, परन्तु ऑनलाईन रिकार्ड में मेरे नाम से भूमि खसरा नं. 168/13 में अब भी 46 1/2 डिसमील भूमि शेष दिखा रहा है एवं गोविन्द राम सारडा की भूमि 43 डिसमिल 168/14 एवं 168/15 में दिखा रहा है। रकबा सुधार कर ऑनलाईन में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 28/10/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :-13/10/2025
पेशी दिनांक :- 28/10/2025

**तहसीलदार, राजनांदगांव**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बधियाटोला प.ह.नं. 23 तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में पंजीयन क्षेत्र डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 82 में से आबादी क्षेत्रफल 920 वर्गफीट बाउड्रीवाल बना हुआ भूमि स्थित है। जिसकी चौहदी पूर्व में गली, पश्चिम में सत्यनारायण का मकान, उत्तर में गली, दक्षिण में रेल्वे की भूमि है। जो पक्षकार रेखापूर्ति पति स्व. प्रमोद कुमार पूर्ति जाति इसाई निवासी टिकरा पारा, वार्ड नं. 03 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम पर है। उक्त भूमि को मेरा पक्षकार विक्रय करने हेतु सौंदा करना चाहता है। अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को उक्त भूमि के रजिस्ट्री में आपत्ति होगी, तो उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति आज दिनांक से सात दिन के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात आपत्ति अवैध एवं शून्य होगा। इसे सूचना जाने।

**दौलत महोबिया**
अधिवक्ता
सोल्हा पारा डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)
मो.नं.-9300671383

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव,**
**जिला-राजनांदगांव, छ.ग.**
क्रं 4076/अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 22/09/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शरद कुमार देवांगन पिता समयलाल देवांगन, निवासी मोतीपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम मोतीपुर, पटवारी हल्का नंबर 34, खसरा नंबर 69/5 रकबा 0.0080 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 07/10/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक रजऊ राम बघेल आ. चमारसिंह बघेल जाति रावत निवासी ग्राम केशालडबरी तह.अं.चौकी जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी की गई है, जिसमें नाम के स्थान राजूराम बघेल अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे नाम से जारी परिचय पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर रजऊ राम बघेल अंकित है। उक्त नाम सही है। इसलिये आधार कार्ड में राजूराम बघेल अंकित है, उसे सुधार करवाकर रजऊ राम बघेल अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थानः-अं.चौकी
दिनांक-13/10/2025

**आवेदक**
**रजऊराम बघेल**
**निवासी ग्राम केशालडबरी**
**तह अम्बागढ़ चौकी**
**जिला-मोहला-मानपुर,अं.चौकी**

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202510090200016**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सनः- 2025-2026
फाफामार प.ह.नं. 00027 [(हे)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक
पक्षकार गौतम राम,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम राम पिता हिस्सूराम जाति कंवर निवासी फाफामार तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के पुत्र सोमन लाल का जन्म दिनांक 17.07.2009 को ग्राम फाफामार तहसील छुरिया में हुआ है जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने पुत्र सोमन लाल का जन्म दिनांक 17.07.2009 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति पेश किया गया है। प्रकरण दर्ज किया गया।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई तिथि 17-10-2025 को स्वयं/ वकील/ आममुख्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार,तहसील-छुरिया**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
1-5-0
125-8 140-5
राजधानी
2-4-9
688-2 136-0

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राजनांदगाँव के लाडले विधायक आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
विनीत - भाजपा पार्षद दल नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)


OCTOBER 15
पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष,
राजनांदगाँव के लाडले विधायक आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...


पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राजनांदगाँव के लाडले विधायक आदरणीय
डॉ. रमन सिंह जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई...
विनीत - भाजपा पार्षद दल नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

## अनमोल दावा

**"समय का सही उपयोग करें, ताकि बाद में पछताना न पड़े।"**

## यथार्थवादी हुई भारतीय विदेश नीति
## भारत को हर मोर्चे पर रहना होगा सावधान

आज की भू-राजनीतिक घटनाओं के विश्लेषण से स्पष्ट है कि राष्ट्रों के परस्पर संबंध जितने यथार्थवाद और साझा लाभ के कारण मधुर हो सकते हैं, उतने विचारधारा और साझा मूल्यों के दम पर नहीं। अमेरिका के विषय में तो यह बात द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही लागू है, जो राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में और मुखर रूप से सामने आ रही है। यदि ऐसा न होता तो 'वार आन टेरर' छेड़ने वाला अमेरिका सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के बजाय आतंक को अपनी राज्य-नीति के रूप में प्रयोग करने वाले एवं अधिकांश समय सैन्य तानाशाही में रहने वाले छद्म लोकतंत्र पाकिस्तान को प्राथमिकता नहीं दे रहा होता।

भारत की भी विदेश नीति आदर्शवाद से प्रभावित होकर लंबे समय तक लोकतंत्र, मानवाधिकार और स्वतंत्रता जैसे अपने राष्ट्रीय मूल्यों को विश्व में भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को स्थापित करने का आधार बनाकर चलती रही, जिसके चलते कई नुकसान झेलने पड़े। प्रधानमंत्री मोदी के शासन में इसमें परिवर्तन देखने को मिला। भारत ने भी वैश्विक राजनीति में विशुद्ध यथार्थवाद को गले लगाना शुरू कर दिया है।

अब भारत विदेश नीति में आवश्यकताओं और हितों को अपनी मान्यताओं के ऊपर रखता है। भारत द्वारा अफगानिस्तान के विदेश मंत्री और तालिबान के नेता आमिर खान मुत्तकी की मेजबानी इसका उदाहरण है। सनद रहे कि मुत्तकी का संगठन तालिबान जिस कट्टर इस्लामिक वहाबी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है, भारत उसका समर्थन करना तो दूर, उसे समझने और स्वीकार करने को भी राजी नहीं है, परंतु यथार्थवादी नीति का प्रदर्शन करते हुए भारत ने मुत्तकी के स्वागत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी।

नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने आमिर खान मुत्तकी के साथ मुलाकात की। भारत ने अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत ने काबुल में अपने तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की, जो तालिबान से संबंधों में सुधार का एक बड़ा संकेत है। जयशंकर ने सद्भावना के रूप में उन्हें पांच एंबुलेंस भी सौंपी, जो भारत की अफगानों के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। मुत्तकी ने भी भारत को 'करीबी दोस्त' मानते हुए पारस्परिक विकास एवं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गहरे सहयोग का वादा किया। जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया।

मुत्तकी ने यह आश्वासन दिया कि अफगान क्षेत्र का उपयोग भारत सहित किसी भी देश के खिलाफ धमकी या नुकसान के लिए नहीं होगा। भारत ने छह विकास परियोजनाओं, एमआरआइ और सीटी स्कैनर जैसे चिकित्सा उपकरण, टीके, कैंसर की दवाएं और संयुक्त राष्ट्र समर्थित नशा मुक्ति सहायता सहित नई मानवीय पहलों का भी वादा किया। इसके इतर मुत्तकी ने भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान के खनन, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन इस दौरे से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की संभावनाएं खुल सकती हैं।

पहले की तुलना में आज के अफगानिस्तान की घरेलू और क्षेत्रीय वास्तविकताएं बदल गई हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के समक्ष कोई सक्षम संगठित विपक्ष नहीं है। ऐसे में भारत के पास भी तालिबान से सहयोग बढ़ाने के अलावा कोई विशेष विकल्प नहीं है। भारत अपनी पुरानी गलती को नहीं दोहराना चाहता, जब उसने तालिबान की पिछली सरकार से कोई संपर्क नहीं रखा और उसका खामियाजा उसे 1999 के कंधार विमान अपहरण कांड में उठाना पड़ा। उस समय पाकिस्तानी आतंकी विमान को कंधार ले गए थे। यदि भारत का उस समय तालिबान से कोई संपर्क होता तो शायद विमान छोड़ने की शर्तों को कम कठिन बनाया जा सकता था।

भारत ने अफगानिस्तान में लगभग तीन अरब डालर का निवेश किया है, जिसकी रक्षा के लिए तालिबान के साथ काम करना आवश्यक हो जाता है। भारत द्वारा विकसित किया जा रहा ईरान का चाबहार बंदरगाह भी अफगानिस्तान के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे पर एक प्रमुख पारगमन केंद्र के रूप में इसकी स्थिति इसे इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण वाणिज्यिक केंद्रों में से एक के रूप में विकसित होने की क्षमता प्रदान करती है। तालिबान को अफगानिस्तान की सियासत से बेदखल तो नहीं किया जा सकता, लेकिन यह दबाव जरूर डाला जा सकता है कि वह अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग भारत-विरोधी गतिविधियों के रूप में न होने दे और पिछले शासन की तरह क्रूरता न दिखाए और अपने यहां महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करे। भारत तालिबान को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक शक्तियों से मिलकर काम कर सकता है और बदले में तालिबान से कुछ रियायतें हासिल कर सकता है, जिसमें सबसे आवश्यक है कि वह पाकिस्तान की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने में भारत का सहयोग करे। हाल के समय में पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंधों में काफी कड़वाहट आई है, जिससे अफगानिस्तान के लिए भारत की महत्ता बढ़ी है। इसके अलावा चीन के अफगानिस्तान में बढ़ते हुए प्रभाव से मुकाबला करने के लिए भी भारत को तालिबान के साथ चलना पड़ेगा।

# 'यूं ही कोई डॉक्टर रमन सिंह नहीं बन जाता'
## वार्ड पार्षद से मुख्यमंत्री तक वर्तमान राजनीतिक जीवन का सफर



**रविन्द्र सिंह**

''अतेक पढ़े-लिखे होकर तेंहा राजनिति में काबर आके अपन भविष्य ल बरबाद करे बर तुले हस,जेन में जानत हस तोर हारना तय है,अभी भी समझावत हो ये सब ल छोड़ अपन डॉक्टरी ल कर ,मैं तीन बार के पार्षद हों, कहां ते पुर पाबे।'' पूरे अहंकार एवं अहम से उसने कहा, किन्तु सामने वाले ने कहने के बजाये केवल मुस्करा कर उसको अभिवादन करके अपना जवाब ही देना उचित समझा, क्योंकि उनकी सर्वसुलभ मुस्कान बिना कहे हमेशा की तरह बहुत कुछ जवाब दे जाती है। फिर जिस वॉर्ड से वॉर्ड से वो पार्षद का चुनाव लड़कर अपने राजनितिक जीवन का प्रारंभ कर रहे थे, उसी वॉर्ड में तो उनकी डिस्पेंसरी थी उन्हें स्मरण था जब भी उस वॉर्ड की कोई महिला या पुरूष की तबियत बिगड़ती वो सीधा एक ही लाईन कहते थे-चलना वो फलनवा डॉक्टर के पास, वही ठीक कर देगें और पैसा भी नहीं देना पड़ेगा। डॉक्टर भी अपने वॉर्ड के इस मिजाज से पूरी तरह से वाकिफ भी थे क्योंकि उन्होनें पैसे या फीस को उतना तवज्जो कभी दिया ही नहीं था वो तो बस संयोग से पार्षद चुनाव के उम्मीदवार थे, सामने वाले प्रतिदंदी की बात से वो उतने चिंतित नहीं थे, इसलिये चुनाव के समय उन्होने पूरी निश्चिंता से अपने पॉकेट से अपनी एक डायरी निकाली और वॉर्ड की सारी महिलाओं को बुलाया और उस डायरी को पलटते हुये उन्होनें उनसे कहा- ये डायरी में सबके हिसाब लिखा है,मैं जीत गया तो ये डायरी को फाड़ दूंगा और हार गया तो ब्याज समेत फीस लूंगा, उनके मजाकिया लहजे में कही गई बांतो पर सभी महिलाओं का एकसुर में कहना था-तोला जीताबो भी डॉक्टर और तोर फीस भी ल देबो। आपस के इस आत्मिक संबध का नतीजा भी सकरात्मक निकलना ही था और एक नव युवा डॉक्टर ने तीन बार के उस वरिष्ठ पार्षद को हराकर उस वार्ड के डॉक्टर से छत्तीसगढ़ में डॉक्टर साहब के रूप में प्रख्यात होने की पृष्ठभूमि तैयार कर ली थी, मात्र 4 वर्ष पूर्व मतलब 1980 में स्थापित हुई पार्टी जिसकी जड़ भी अभी ठंग से पूरे देश में जम नहीं पाई थी उस दल से खड़े होकर उन्होने सामने वाले के चुनौती को स्वीकार किया था और वे शख्स कवर्धा के वर्तमान ठकुराईन वॉर्ड से उस वरिष्ठ व्यक्ति को शानदार मतों से हरा दिया था और जीतने वाले व्यक्ति डॉक्टर रमन सिंह थे जो तीन बार इस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष है।

### लोकसभा चुनाव समस्त आशंकाओं पर विजय

उनके राजनितिक जीवन को पीछे जाकर देखने से एक अद्भूत बात यह निर्विवाद रूप से उभर कर सामने आता है कि जब भी उनके समक्ष चुनौतियां आई उनमें वे सर्वदा विजयी होकर आये, या तो चुनौतियां उनके सामने ही इसलिये आती थी कि वे ही इसे स्वीकारने के लिये बने थे अथवा उन चुनौतियों को पराजित कर ही वे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिये प्रकृति उन्हें चयनित किया करती थी, जो भी हो प्रत्येंक चुनौतियों को सहज रूप से पराजित करने का माद्दा तो उनमे था ही, विधानसभा के जय के पश्चात् पराजय भी शायद उनके लिये एक नवीन अवसर की तलाश लेकर आने वाला था और यह वर्ष था 1998 का जब वे विधानसभा के सदस्य नहीं थे और देश एक नवीन इतिहास की रचना करने को आतुर था जब लोकसभा का चुनाव सामने था। किन्तु राजनांदगांव लोकसभा में एक अलग ही माहौल था एक तरफ संयुक्त मध्यप्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देष के सबसे बड़े प्रदेष उततरप्रदेष के राजयपाल रह चुके कददावर नेता श्री मोतीलाल वोरा कांग्रेस के उम्मीदवार थे किन्तु भाजपा में एक अजीब ही संषय की स्थिति थी,षायद



**आज जन्मदिन पर विशेष**

मोतीलाल वोरा जैसी षख्सियत ओर कददावर के सामने भाजपा से लडने में एक संकोच की स्थिति थी किंतु एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में एक योग्य उम्मीदवार भी देना आवश्यक था और योग्य उममीदवार के तलाश का समापन भी एक बार फिर डॉ रमन सिंह पर ही आकर समाप्त हुई किंतु यह भी सत्य है कि वे पार्टी के पहले पसंद नहीं थे, सही मायने में डर और हार के पराजय से भी अनेकों ने अपनी उम्मीदवारी के लिये उस जिजिविषा से प्रयास ही नहीं किया था और डॉ.रमन सिंह कुछ समय पहले ही विधानसभा में हार का सामना कर चुके थे यह लड़ाई निश्चित रूप से एक पूर्व से जीत घोषित किये गये व्यक्तित्व के सम्मुख पराजित होने के लिये लड़ना था, कम से कम पूरे लोकसभा क्षेत्र में यह माहौल तो प्रचारित था, लोगों को यह आत्मघाती कदम ही लगा था किंतु कहते है ना कि इतिहास उन्हीं व्यक्तियों के लिये अपने पन्ने रिक्त रखता है जो विकट चुनौतियों के समक्ष भी पूरे अदम्य साहस के साथ अप्रतिम प्रदर्शन करता है और डॉ.रमन इस पैमाने पर पूरी तरह खरे उतरते थे ,तब के संयुक्त मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजनांदगांव की जयस्तंभ चौक की कांग्रेस की सभा में कहा था कि पूरे 'प्रदेश में हम कहां जीत रहे है यह तो मै नहीं जानता किंतु इतना जानता हूं कि बाबू जी जरूर जीत रहे है।' तब शायद उस समय के तात्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी यह नहीं पता था कि एक पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा को परास्त कर डॉ.रमन सिंह को नियति ने स्वयं छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में इस चुनाव के माध्यम से भविष्य के लिये चयन कर लिया है, फिर होना वही था जिसके लिये चार्ल्स डार्विन ने वर्षो पहले भविष्यवाणी कर थी कि प्रकृति योग्य का वरण करती है और लोकतंत्र के इस महोत्सव में योग्य डॉ. रमन सिंह थे जिसे जनता ने अपना जनादेश से वरण कर लिया था और इसका कारण भी था डॉ.रमन सिंह की चुनौतियों को स्वीकार करने की सहज प्रवृत्ति। निश्चित हार होने की तमाम आशंका को तोड़ कर प्रकृति ने एक पूर्व मुख्यमंत्री की पराजय के साथ ही एक नये मुख्यमंत्री के उदय का मार्ग भी प्रशस्त कर ही दिया था हालांकि इसका तात्कालिक लाभ भी डॉ. साहब को मिला और अटल बिहारी बाजपेयी जी के मंत्रिमण्डल में वे केन्द्रीय मंत्री के रूप में चुन लिये गये अटल बिहारी बाजपेयी के मंत्रिमण्डल में यूं तो शामिल होना ही अपने आप में एक इतिहास था, किंतु इतिहास तो अभी भी पूरी शिद्दत के साथ डॉ. रमन को एक और अवसर देने के लिये तैययार कर, उनके धैर्य और संयम की परीक्षा लेने के लिये तैयार थी।

### प्रदेश अध्यक्ष और प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री

अटल जी ने अपने वायदे के अनुरूप 2000 में नवोदित छत्तीसगढ़ राज्य का तोहफा छत्तीसगढ़ को दे ही दिया था किंतु राज्य का पहला मुख्यमंत्री कांग्रेस को मिला था क्योंकि छत्तीसगढ़ को मूलतः कांग्रेस का ही गढ़ माना जाता था और विभाजन के पश्चात कांग्रेस के विधायक ज्यादा थे, नतीजा अजीत जोगी जी पहले मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ को मिले और समय के साथ 2003 को छत्तीसगढ़ के पहले आम चुनाव का समय भी सामने आ गया था चुनौतियां वैसे भी बड़ी थी, एक तो कांग्रेस की सरकार और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में भाजपा की कांग्रेस की तुलना में परंपरागत रूप से बहुत कमजोर होने का इतिहास, एक बार फिर इतिहास ने करवट बदल कर केन्द्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा दिलवाकर डॉ रमन सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की महती जिम्मेदारी के लिये चयन कर लिया और जैसा कि पूर्व से होते आया था बिना किसी शिकवा शिकायत के केन्द्रीय मंत्री के पद को त्याग कर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी को सहर्ष उन्होंने स्वीकार भी कर लिया और कहते भी है कि त्याग भी किसी बड़े उद्देश्य की पूर्ति के लिये एक अनिवार्य भाग है जैसे कि भगवान राम का राजत्याग रावण के मृत्यु का उददेश्य का कारण बना या गौतम बुध्द का गृह त्याग उनके बुधत्व प्राप्ति का कारण बना ठीक वैसे ही डॉ.रमन सिंह का केन्द्रीय मंत्री पद का त्यागना छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रथम कार्यकाल के स्थापना के रूप में प्रवर्तित होने का औ कांग्रेस की पराजय का कारण बना और इस तरह डॉ.रमन सिंह के छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री भी निर्वाचित हुये किंतु डॉ.रमन सिंह मुख्यमंत्री बनने का यह इतिहास यूं ही अनायस नही बना था, सही मायने में यह डॉ.रमन सिंह जी की प्रत्येक चुनौतियों को सहजता से स्वीकारने की क्षमता और उन चुनौतियों पर भरपूर प्रहार करने की अदभुत क्षमता तथा विपरीत माहौल को अपने अनुकूल बनाने की अदम्य ईच्छाशक्ति ने उन्हें डॉ. रमन बनाया था, यह संयमशीलता एक बेहतरीन उदाहरण है, जब-जब चुनौतियां उनके सम्मुख आई उन्होंने सर्वदा मुस्कुराते हुये उन चुनौतियों का स्वागत ही किया है, इसलिये वे छत्तीसगढ़ के एक बार के नहीं बल्कि तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री भी बने, साथ ही किसी भाजपा शासित राज्यों में 5000 दिन तक लगातार मुख्यमंत्री बने रहने वाले पहले भाजपा के मुख्यमंत्री बने रहने का अद्भूत रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

उनके एक वार्ड पार्षद से अपने राजनितिक जीवन का प्रारंभ करने से लेकर प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बनने तक के सफर में जो त्याग, समर्पण और चुनौतियों का सामना करने की अदम्य ईच्छा-शक्ति का जो उदाहरण डॉ.रमन सिंह जी ने प्रस्तुत किया तथा पार्टी के प्रत्येक निर्देशों को जिस धैर्य, संयम, और शालीनता से स्वीकार किया, वह अदभुत एवं अनुकरणीय है इसलिये ही तो कहा जाता है कि -

### यूं ही कोई डॉ रमन सिंह नहीं बन जाता है

आज भी डॉ. साहब विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे है, हम राजनांदगांव वासी और छत्तीसगढ़ वासी सौभाग्यशाली है कि उनका नेतृत्व हम सबको मिल रहा है आज उनका जन्मदिवस है वे सर्वदा स्वस्थ रहें, मस्त रहें दीर्घायु हों, उन्हें जन्मदिवस की बहुत बहुत बधाई।

**प्रदेश भाजपा मीडिया पैनलिस्ट**

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से : करवा चौथ के दिन बरसात, रिमझिम की चंद्र देखने की जिद (समापन भाग)

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



(कल के अंक से आगे जारी...)

कवि ने करवा चौथ के दिन शाम से ही बारिश शुरू हो जाने के बाद छत से नीचे आकर पत्नी जी को चंद्रदेव के नहीं दिखाई देने की संभावित स्थिति के लिए तैयार करना शुरू किया, लेकिन उसने इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कवि से कहा:- ''अभी तो रात के सवा आठ बजने में आधा घंटा है। आप थोड़ा धैर्य क्यों नहीं रखते?''

अब कवि कुमार कुछ अधिक कर नहीं सकते थे क्योंकि मामला पत्नी जी का है और घर के सभी मामलों में, चाहे पूजा पाठ हो या खरीदारी हो या कोई भेंट-नेग आदि निभाना हो, इन सबका निर्णय पत्नी जी स्वयं लिया करती हैं। अतः वे कुछ नहीं कर पाए।



कवि जी ने इतना ही कहा,

''ठीक है आप जैसा उचित समझो, क्योंकि मामला पूजा-पाठ के साथ-साथ आपकी आस्था का भी है।''

समय आगे बढ़ता गया और बारिश रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी, ऐसा लगता है जैसे सावन के बदले फिर बरस पड़े हैं। इस साल वर्षा गर्मी में नवतपे के समय शुरू हुई थी, और ऐसा लग रहा है कि यह दीवाली मनाकर ही थमेगी।

कवि कुमार बार-बार छाता लेकर कभी खिड़की से बाहर झांकते, कभी छत पर जाते लेकिन केवल उनके झांकने-देखने से तो बारिश रुकने वाली थी नहीं और ऐसा करते-करते चंद्रमा के दिखने का समय हो गया। इस पर कवि ने फिर कहा,

''बादल गहराए हुए हैं। अतः वर्षा रुकेगी नहीं रिमझिम, तुम अपना व्रत पूर्ण कर लो और चंद्र देव के दिखने की दिशा में उनकी आभासी उपस्थिति का अनुभव करके पूजा शुरू कर दो, क्योंकि तुम दिन भर से भूखी हो।''

सचमुच दिनभर की भूख और थकान का असर था।रिमझिम की वाणी में अब वह प्रखरता नहीं थी। अतः उसने धीरे से जवाब दिया, कुछ देर और देख लेते हैं, फिर कोई हल ढूंढ़ते हैं।

जब घड़ी ने रात नौ बजे का कांटा पार किया तो कवि जी के जोर देने पर रिमझिम ने कहा,

''ठीक है। आप जैसा उचित समझें, वैसा करें।''

दूसरे शहर के संबंधियों को फोन किया गया और यह ज्ञात किया गया कि क्या वहाँ चंद्रमा दिखाई दे रहा है। सकारात्मक जवाब मिलने पर रायपुर के रिश्तेदार से वीडियो कॉलिंग कराई गई और फिर वहां से मोबाइल में दिख रहे चंद्र की पूजा कर यह व्रत संपूर्ण किया गया। जब पत्नी ने चलनी में चंद्र के साथ-साथ कवि का चेहरा देखा, तो कवि कुमार को हृदय से प्रसन्नता हुई और उन्हें अपने अति विशिष्ट होने का अनुभव हुआ। कवि ने पत्नी जी को बधाई देने और उन्हें अपने हाथों से जल पिलाने के बाद उनकी प्रशंसा करते हुए मन ही मन राहत की साँस ली।

(समाप्त)

## सामयिक चर्चा

### यही तो राजनीति है!

खबर पढ़कर बानी बोले -
''मुझे आश्चर्य होता है गजाधर!
पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की
बिजली बिल हाफ योजना के
बन्द होने का असर
अब लोगों के जीवन पर
सीधे तौर पर पड़ रहा है
बिजली बिल अनाप-शनाप बढ़ रहा है
जिसका दर्द सिर्फ
कांग्रेसियों को हो रहा है
वह आंदोलित होकर
बिजली विभाग के कार्यालय में
ताला जड़ रहे है
जबकि भाजपाई चुप-शान्त बैठे
उनके आंदोलन का मजा ले रहा है।
तो मैं पूछता हूं गजाधर!
बिजली बिल बढ़ने से
भाजपाईयों को क्यों कष्ट नहीं हो रहा है।
यह सत्ताधारी भाजपाई की
कैसी मौन नीति है?''
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी!
यही तो राजनीति है।
अब देखो बानी!
जब कांग्रेसी राज आएगा
इसी तरह बिजली बिल बढ़ जाएगा
तो फिर भाजपाई
जोर शोर से आन्दोलन करेंगे।
यहाँ-वहाँ बिजली आफिस
जा-जाकर ताला जड़ेंगे।
और तब का कांग्रेसी मौन रहेंगे!''



गिरीश बख्शी

## डॉ. रमन सिंह जी के जन्मदिन पर विशेष...

## कविता


### जस नाम तस काम

रमन नाम से बोध होता,
मनमोहक सुख दायक।
जैसा उनका कद वैसा,
पाया जनता का विश्वास।
क्रोध बैर का नहीं स्थान,
नित करें जनता का सम्मान।
जन्मदिन दिन की खुशियों मे,
हर कोई शामिल शरीक है।




गजेंद्र बख्शी अधिवक्ता
9827184147 राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**

करियर कारोबार के विस्तार की संभावनाए बढ़ेंगी. आय के नए स्त्रोत निर्मित होंगे. करियर कारोबार में फोकस रखेंगे. सबको साथ लेकर चलेंगे. पेशेवरता बनी रहेगी. रुटीन संवरेगा. अवरोध दूर होंगे. इच्छित परिणाम बनेंगे. प्रतिस्पर्धा का भाव रखेंगे. आकर्षक प्रस्ताव प्राप्त कर सकते हैं. सफलता की सीढ़ियां तेजी से चढ़ेंगे.



**वृष राशि**

शासन सत्ता से करीबी बढ़ेगी. प्रबंधकीय विषयों को अपेक्षित गति मिलेगी. इच्छित सफलताएं प्राप्त करेंगे. कला कौशल संवार पर रहेंगे. वाणिज्य व्यापार पर फोकस रहेगा. प्रशासन के कार्यां में तेजी आएगी. उद्योग व्यापार में सफलता मिलेगी. शासन प्रशासन के प्रयास बल पाएंगे. सकारात्मकता बढ़त पर रहेगी. समकक्षों का भरोसा जीतेंगे.




**मिथुन**

भाग्य की मदद से करियर कारोबार में तेजी आएगी. लाभकारी योजनाएं आगे बढ़ाएंगे. आस्था आत्मविश्वास बढ़ेगा. मित्रों का साथ बढ़ेगा. महत्वपूर्ण वार्ताएं सफल होंगी. निसंकोच आगे बढ़ते रहेंगे. वरिष्ठों के सहयोग पाएंगे. उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर सकते हैं. सभी का समर्थन रहेगा. अवसरों को भुनाएंगे.



**कर्क**

स्वास्थ्य साधारण बना रहेगा. सेहत संबंधी संकेतों के प्रति सजगता बनाए रहेंगे. जल्दबाजी नहीं दिखाएंगे. करियर कारोबार में पेशेवरता रखेंगे. शोध गतिविधियों में रुचि बढ़ाएंगे. धैर्य अनुशासन बनाए रखें. आर्थिक विषयों में स्पष्टता रखें. कामकाज पर फोकस बढ़ाएं. बड़प्पन से काम लेंगे.




**सिंह**

श्रेष्ठ प्रयासों को गति दे सकेंगे. सबका साथ सहयोग बढ़ेगा. मित्रों को साथ लेने की कोशिश रहेगी. महत्वपूर्ण मामलों में भरोसा बनाए रखेंगे. कार्यां को गति देंगे. दाम्पत्य में सुख सौख्य रहेगा. दैहिक संकेतों पर ध्यान देंगे. चहुंओर प्रभावी प्रदर्शन करेंगे. पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. जीवनसाथी अपेक्षित प्रदर्शन करेगा. स्थायित्व को बल मिलेगा.




**कन्या**

सतर्कता और सजगता से आगे बढ़ेंगे. कार्यव्यवस्था पर भरोसा रखेंगे. नौकरीपेशा सहज प्रदर्शन बनाए रहेंगे. स्वास्थ्य के प्रति सजग रहेंगे. बड़प्पन से काम लेंगे. खर्च एवं लेनदेन पर ध्यान देंगे. आस्था विश्वास बनाए रहेंगे. साझीदारी के प्रयास बल पाएंगे. सकारात्मक सोच से काम लेंगे. सक्रियता से कार्य सधेंगे. तार्किकता रखेंगे.



**तुला**

मित्रों के साथ शुभ समय साझा करेंगे. सकारात्मक सूचनाएं बढ़ेंगी. पेशेवर लाभ की संभावना बल पाएगी. आवश्यक प्रयासों में प्रभावी रहेंगे. संतान अच्छा करेगी. जीत पर जोर बनाए रखेंगे. भ्रमण मनोरंजन पर जाएंगे. लाभ के अवसर रहेंगे. सक्रियता सतर्कता बनाए रहें. लक्ष्य जल्द पूरा करने की सोच रखेंगे.



**वृश्चिक**

पारिवार से जुड़े विषयों में अधिक रुचि दिखा सकते हैं. पेशेवर मामलों शुभता सहजता बनाए रखेंगे. वाणी व्यवहार पर फोकस रखेंगे. घर में हर्ष आनंद बढ़ेगा. परंपराएं निभाएंगे. भवन वाहन के मामले हल होंगे. अति उत्साह और आवेश से बचेंगे. परिवार के मामले पक्ष में बनेंगे. संबंधों में सकारात्मक बढ़ेगी.



**धनु**

भाईचारे को बढ़ावा देंगे. बंधु बांधवों का सहयोग मिलेगा. पारिवारिक संबंधों में शुभता का संचार रहेगा. पेशेवर परिणामों से उत्साहित रहेंगे. परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी. सबको साथ लेकर चलेंगे. वाणिज्यिक विषयों पर जोर बनाए रहेंगे. सहकारिता में वृद्धि होगी. विविध मामले संवरेंगे. बड़ों का आदर बनाए रखेंगे.



**मकर**

घर परिवार में सुखद क्षण साझा करेंगे. रक्त संबंधों में मजबूती बनी रहेगी. शुभ सूचनाएं प्राप्त होंगी. आर्थिक मामलों को गति मिलेगी. भव्यता और साज संवार बनी रहेगी. तेजी रखेंगे. मंगल कार्यां से जुड़ेंगे. भेंट के अवसर बनेंगे. सुख सौख्य बढ़ेगा. भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे. आकर्षक प्रस्ताव प्राप्त होंगे. धनधान्य में वृद्धि होगी.



**कुंभ**

रचनात्मक कार्य संवार पाएंगे. तेजी से व्यापारिक गतिविधियों में सुधार आएगा. संपर्क संवाद संवार पाएंगे. अनुबंधों के योग बनेंगे. निजी विषयों में सक्रियता आएगी. श्रेष्ठ कार्यां से जुड़ेंगे. व्यक्तिगत मामले बेहतर बनेंगे. संवेदनशीलता बनाए रखेंगे. प्रबंधन प्रशासन के कार्य बनेंगे. मान सम्मान में वृद्धि होगी.



**मीन**

रचनात्मक कार्य संवार पाएंगे. तेजी से व्यापारिक गतिविधियों में सुधार आएगा. संपर्क संवाद संवार पाएंगे. अनुबंधों के योग बनेंगे. निजी विषयों में सक्रियता आएगी. श्रेष्ठ कार्यां से जुड़ेंगे. व्यक्तिगत मामले बेहतर बनेंगे. संवेदनशीलता बनाए रखेंगे. प्रबंधन प्रशासन के कार्य बनेंगे. मान सम्मान में वृद्धि होगी.

# राजा मेजर विरेन्द्र बहादुर रानी पद्मावती देवी की दानशीलता को स्मरण कर विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया





(यतेंद्र जीत सिंह छोटू)

खैरागढ़ (दावा)। राजा मेजर विरेन्द्र बहादुर सिंह, रानी पद्मावती देवी सिंह की दानशीलता को स्मरण कर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के संस्थापकद्वय राजा मेजर वीरेन्द्र बहादुर सिंह, रानी पद्मावती देवी व राजकुमारी इन्दिरा की प्रतिमा पर कुलपति प्रो(डॉ) लवली शर्मा, कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी सहित अधिष्ठातागण, शिक्षकगण, संगीतकारगण एवं अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात संगीत संकाय के विद्यार्थियों द्वारा कुलगीत की प्रस्तुति दी गई।

### संगीत विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में बहुत संघर्ष किया, आज हम बहुत समृद्ध स्थिति पर पहुंच गये है- प्रो.(डॉ)लवली शर्मा, कुलपति

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है, कि हम इस विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। हमारे लिये यह गौरव की बात है, कि हमने इतनी लंबी यात्रा तय की है। इस विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति डॉ. के.एन. रातंजनकर जिनके अंदर कला और शास्त्र दोनों का गहन समन्वय था। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में बहुत संघर्ष किया। आज हम बहुत समृद्ध स्थिति पर पहुंच गये हैं। कुलपति ने कहा कि हमें खुशी है, कि यहां के विद्यार्थी लगन से अपनी पढ़ाई कर रहे हैं और अपने को समृद्ध कर रहे हैं, शिक्षकगण भी विद्यार्थियों के प्रति समर्पित हैं। कला के लिये जो आवश्यक है सभी चीजें यहां है, इसका सदुपयोग कर हमें आगे बढ़ना है। यहां शासन स्तर पर भी मंत्रीगण सहित उच्च अधिकारियों द्वारा हमारी मांगे पूरी की जा रही है। इस विश्वविद्यालय को कला के लिये समर्पित विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाना है, ऐसी मेरी कल्पना एवं प्रयास है। जो कमियां है, उसे सब मिलकर दूर करेंगे।

**0 राजा-रानी एवं राजकुमारी की प्रतिमा पर कुलपति प्रो ( डॉ ) लवली शर्मा, कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने किया माल्यार्पण**

**0 इस विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाना है- प्रो ( डॉ ) लवली शर्मा कुलपति**

कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अधिष्ठाता प्रो.डॉ. राजन यादव ने अपना महल दान किये जाने के संबंध में राजा वीरेन्द्र बहादुर एवं रानी पद्मावती देवी के बीच हुई बातचीत का वर्णन किया। साथ ही उन्होंने पं.रविशंकर शुक्ल द्वारा कही गई बातों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ में आज भी लघु भारत बसता है, जो हमारे लिये गर्व की बात है। अकादमिक क्षेत्र में हमारा विश्वविद्यालय श्रेष्ठ है। संख्या भले ही कम हो पर बैनर हमारा बहुत बड़ा है। अंत में आभार व्यक्त करते हुये प्रभारी 'कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी' ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. देवमाईत मिंज ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिष्ठातागण, अधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी-शोधार्थीगण उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन, कबड्डी प्रतियोगिता में बढ़ाया उत्साह



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिकारीटोला में आयोजित 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन और एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव और जनपद पंचायत सभापति उत्तरा निषाद उपस्थित रहे।

### ग्रामीण विकास प्राथमिकता

श्रीमती वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास ही हमारी प्राथमिकता है। सड़क निर्माण से जनसुविधा और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने आगे भी इसी तरह जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### ग्रामीण खेलों से निखरती है प्रतिभा

कबड्डी प्रतियोगिता के संदर्भ में उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण खेलों से न केवल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, एकता और खेल भावना भी विकसित होती है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गांवों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं और आने वाली पीढ़ी को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर नैनसिंह पटेल, लादूराम तुमरेकी, पुरुषोत्तम साहू, टीकम साहू, सरिता मिलेंद चंद्रवंशी, नरेश नेताम, मंथीर चेलक, वीरूराम जांगड़े, हलालखोर चंद्रवंशी, दीनू जागड़े, नोहर निर्मालकर, पूनम साहू, संतोष साहू, सुमंत चंद्रवंशी, मोनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# परिक्षेत्र साहू संघ खामतराई में ग्रामीण पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण



डोंगरगांव (दावा)। परिक्षेत्र साहू संघ खामतराई में मंगलवार 14 अक्टूबर को ग्रामीण पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष किशोरीलाल साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद की गरिमामय उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र हिरवानी नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवरीबंगला, विशेष अतिथियों में निरंजन साहू उपाध्यक्ष देवरी तहसील, उर्मिला साहू, नेमीन बाई साहू सरपंच खामतराई रहे। आयोजन का शुभारंभ समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्तिन मां कर्मा के पूजा अर्चना पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनंदन से हुआ। ग्रामीण पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया और निवृत्तमान ग्रामीण पदाधिकारियों को ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम में परिक्षेत्र साहू समाज खामतराई के अध्यक्ष रविन्द्र साहू, उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, उपाध्यक्ष महिला कांतिबाई साहू, संगठन सचिव टुम्मनलाल साहू, संगठन सचिव महिला रेखाबाई सोनबोईर, सचिव संपतलाल साहू, कोषाध्यक्ष अंकलहाराम साहू एवं समस्त ग्रामीण पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुष्य नक्षत्र पर सन्नाटा पसरा, दीपावली से पहले ठंडा पड़ा खैरागढ़ बाजार, किसान बेहाल, व्यापारी मायूस, सरकार 'तेजी' बताकर खुश

(यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू')

खैरागढ़ (दावा)। पुष्य नक्षत्र पर सन्नाटा पसरा, बाजार से रौनक गायब। देशभर में दीपावली को सबसे बड़ा और सबसे रौनकभरा पर्व माना जाता है। हर साल इस त्यौहार से पहले बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ती है, दुकानों में ग्राहकों की लंबी कतारें लगती हैं और व्यापारियों के चेहरे पर रौनक दिखाई देती है। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ और ही नजर आ रही है। खैरागढ़ जिला मुख्यालय का बाजार दीपावली से महज कुछ दिन पहले भी सूना पड़ा है।

### पुष्य नक्षत्र पर सन्नाटा, ग्राहकों का नहीं दिखा जमावड़ा

मंगलवार 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र था, जिसे हर साल बेहद शुभ माना जाता है। परंपरा रही है, कि इस दिन लोग सोना-चांदी, वाहन या अन्य कीमती वस्तुएं खरीदकर त्योहार की शुरुआत करते हैं। बाजारों में इस दिन हमेशा चहल-पहल रहती थी, लेकिन इस बार पूरे खैरागढ़ बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। दुकानों में ग्राहक तो दूर, दिनभर व्यापारी खाली बैठे रहे। स्थानीय ज्वेलर्स और व्यापारी बताते हैं कि पहले पुष्य नक्षत्र पर उन्हें सांस लेने की भी फुर्सत नहीं होती थी, परंतु इस बार पूरा दिन हाथ पर हाथ धरे बीत गया। कई ग्राहक दुकानों तक आए जरूर, लेकिन बढ़े हुए दाम सुनकर बिना खरीदी किए ही लौट गए।

### सोने-चांदी के बढ़ते दामों से घटी चमक, सोना अब आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुका है

पिछले कुछ महीनों से सोने और चांदी के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोना अब आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुका है। स्थानीय ज्वेलर्स का कहना है, कि महंगाई और अस्थिर बाजार के कारण ग्राहक अब जरूरत से ज्यादा सोच-समझकर खर्च कर रहे हैं। इससे आभूषण कारोबार पर बड़ा असर पड़ा है।



### किसानों की फसल खराबी ने तोड़ी बाजार की रफ्तार

व्यापारी संघ अध्यक्ष व ललीत ज्वेलर्स के संचालक अशोक मुणोत ने बताया कि खैरागढ़ का बाजार पूरी तरह किसानों पर निर्भर है। इस साल खरीफ सीजन में सोयाबीन की फसल खराब हो गई है, जिससे किसानों की आमदनी पर गहरा असर पड़ा है। इसके अलावा, सरकार ने धान खरीदी की तारीख 1 नवंबर से बढ़ाकर 15 नवंबर कर दी है। इसका असर यह हुआ है, कि किसानों के पास इस समय नकदी की भारी कमी है। जब किसानों के पास पैसा ही नहीं है तो वे त्योहार की खरीदी कैसे करेंगे। सोने-चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं, बाजार मंदा है और व्यापारी दिनभर ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं। ऐसे हालात पहले कभी नहीं देखे।

### राजनीति में भी गूंजा बाजार का सन्नाटा

बाजार की इस मंदी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि कपिनाथ महोबिया ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब प्रदेश में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार थी, तब किसानों को दीपावली से पहले धान बोनस और राजीव गांधी किसान न्याय योजना की किश्त मिल जाती थी। इससे किसानों के हाथ में पैसा आता था और बाजार में स्वाभाविक रौनक रहती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो गई है। साथ ही बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, आज आम आदमी का बिजली बिल पहले से दोगुना आ रहा है। ऐसे में लोग त्योहार की खरीदी से पहले अपने खर्चों को लेकर परेशान हैं।

### सत्ता पक्ष का दावा और हकीकत में अंतर

वहीं सत्ता पक्ष में बैठे नेता इस मंदी को स्वीकार नहीं करते। उनका कहना है कि जीएसटी दरों में कमी और व्यापारिक नीतियों में सुधार के कारण बाजार में तेजी आई है। मगर ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। व्यापारी और आम लोग कहते हैं कि सरकार के ये दावे कागज़ी हैं, हकीकत यह है कि दुकानदार खाली बैठे हैं और ग्राहक महंगाई से परेशान हैं।

### दीपावली नजदीक, लेकिन रौनक गायब

दीपावली का त्यौहार अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है, लेकिन खैरागढ़ का बाजार अब भी अपनी पुरानी चमक वापस नहीं पा सका है। दुकानदारों को उम्मीद है, कि आने वाले दिनों में ग्राहक लौटेंगे और त्योहार की रौनक फिर से बाजारों में दिखेगी। फिलहाल, पुष्य नक्षत्र जैसे शुभ दिन पर भी बाजार का सन्नाटा यह साफ संकेत देता है, कि महंगाई, फसल नुकसान और आर्थिक सुस्ती ने लोगों की क्रयशक्ति को कमजोर कर दिया है। दीपों का पर्व करीब है, पर इस बार व्यापारियों के चेहरों की चमक फीकी पड़ गई है।

# करेठी में बुजुर्ग के डूबने से मौत

**बिजली गुल होने के बाद भटक गया रास्ता**



डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम करेठी(खुज्जी) में एक बुजुर्ग की मौत तालाब में डूबने से हो गई। मौके पर मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर सोमवार की संध्या ग्राम करेठी निवासी निवासी समारूराम राणा पिता कालूराम उम्र 85 वर्ष अपने ग्राम के सड़क किनारे घूम रहा था कि तभी लाईट बंद होने से पूरे ग्राम में अंधेरा छा गया। इस दौरान यह वृद्ध रास्ता भटककर खेत की ओर निकल गया ओर समीप के तालाब में डूब गया। वृद्ध समारू के देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन प्रारंभ हुई। जिसमें सड़क किनारे उसका लाठी आदि मिला लेकिन देर रात्रि तक यह वृद्ध नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी। सुबह पुनः एक बार खोजबीन करने पर सड़क किनारे पानी के गहरे तालाब में इस वृद्ध का शव प्राप्त हुआ। पुलिस टीम पहुंचने के बाद समारूराम के शव को तालाब से निकाला गया और मर्ग कायम कर पोष्टमार्टम पश्चात उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू का हुआ भव्य स्वागत



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के प्रथम जिला आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय केसीजी में आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू ने कहा कि अशोक साहू का यह पहला जिला स्तरीय दौरा है और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।।उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कुल 405 बूथ हैं और आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए हर बूथ को मजबूत बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में लगभग 52 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग से आती है। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने उस समय कांग्रेस सरकार के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाई थी।

**भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय अभिनंदन, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान**

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करती है। उन्होंने कहा कि एक चाय बेचने वाला व्यक्ति आज देश का प्रधानमंत्री है। यह पूरे पिछड़े वर्ग के लिए गर्व की बात है। विक्रांत सिंह ने कहा कि अशोक साहू जैसे अनुभवी नेता के नेतृत्व में मोर्चा और मजबूत होगा और आने वाले समय में सभी आठों मंडल से पिछड़ा वर्ग मोर्चा बेहतर प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है। जिसने पिछड़े वर्ग को पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि ओबीसी मोर्चा का कार्य है कि प्रदेश की 95 पिछड़ी जातियों को भाजपा से जोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में भाजपा की सरकार फिर से छत्तीसगढ़ में बनानी है। इसके लिए ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जाकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहने और पार्टी के हर कार्यक्रम को प्रचारित करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने सभी समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों को जोड़ने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री नवनीत जैन ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शशांक ताम्रकार, हरप्रसाद वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, आनंद सिन्हा, नीलिमा गोस्वामी, दिनेश वर्मा, भावेश कोचर, आनंद पटेल, गोरेलाल वर्मा, राकेश ठाकुर, शत्रुहन साहू, राजकुमार जंघेल, युवराज पटेल, बलराम जंघेल, पंकज सिंह, सन्तन साहू, धुर्वाराम वर्मा, केशव चंदेल, वंदना तांडेकर, श्यामसुंदर साहू, जयप्रकाश साहू, रेखचंद जंघेल, ललित सोनी, अवधेश मिश्रा, डोरेलाल साहू, भानु प्रताप साहू सहित बड़ी संख्या में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गौ-मांस पकाते पकड़े गए आरोपी हिन्दू संगठनों ने पुलिस के हवाले किया



डोंगरगढ़ (दावा)। खुलेआम गौ-मांस पकाने का मामला सामने आया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो आरोपियों को गौ-मांस पकाते हुए रंगे हाथों पकड़ा और दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि, उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग रेलवे स्टेशन के पास खुले आम गौ-मांस पका रहे हैं। सूचना मिलते ही बजरंग दल के नगर संयोजक रिषभ डकहा के नेतृत्व में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। जहां दो युवक मौके से भागने लगे लेकिन कार्यकर्ताओं ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

# छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन विकासखंड डोंगरगाँव के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विकासखंड शिक्षाधिकारी आर.एल. पात्रे को शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों के संबंध में एक ज्ञापन पत्र सौंपा है, जो प्रदेश एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व्दारा दिया गया है। इस पत्र के माध्यम से शिक्षा सचिव छत्तीसगढ़ शासन से एसोसियेशन व्दारा विभिन्न मांग रखी गई है। जिसमें प्रमुख रूप से माननीय सुप्रीम कोट व्दारा 1 सितंबर को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष से अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किये जाने की मांग की गई है। वहीं पेंशन निर्धारण के पूर्ण सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना कर समस्त शिक्षक एलबी संवर्क के लिए पुरानी पेंशन निर्धारण की मांग है। इसी प्रकार भारत सरकार उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन 50 प्रतिशत) का प्रावधान करने तथा सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आर्डर जारी करने की मांग की गई है। बीईओ डोंगरगांव को ज्ञापन देने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश हिरवानी, सचिव किशन देशमुख, उपाध्यक्ष माधव साहू, नेकराम साहू, हुमन जोशी, डामन साहू, देवेंद्र साहू, संजीव गंधर्व, लच्छूराम साहू, रितेश, दीपिका साहू, शशि ठाकुर, ओमलता शर्मा, मिताली कटकवार, विभा दुबे, डालेश्वरी मानकर, अमिता कोर्राम, करुणा देवांगन, महादेव वालदे, रेवती रमन आदि उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल खैरागढ़ में आज संचालित होगा जिला मेडिकल बोर्ड

खैरागढ़ (दावा)। सिविल अस्पताल खैरागढ़ में आज 15 अक्टूबर बुधवार को जिला मेडिकल बोर्ड का संचालन किया जाएगा। इस विशेष बोर्ड के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आवश्यक प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के तहत बोर्ड द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता के प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के मेडिकल एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, साथ ही फिट व अनफिट प्रमाण पत्र भी इसी बोर्ड के जरिए जारी किए जाएंगे। मेडिकल बोर्ड का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को सिविल अस्पताल परिसर में होता है। आज यह बोर्ड सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा। इस दौरान संबंधित व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सभी पात्र अभ्यर्थियों और मरीजों से निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि प्रमाणन प्रक्रिया बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

# नीरज विद्या मंदिर में पीटीएम एवं अबेकसफ्री डेमोक्लास का आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर मोहड़ (सीबीएसई) में आज पीटीएम एवं संस्था द्वारा बच्चों के मानसिक गणित और संज्ञानात्मक कौशल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक मुफ्त अबेकस डेमोक्लास का आयोजन किया गया। यह क्लास छात्रों को अबेकस के माध्यम से गणित को एक मजेदार और कुशल तरीके से सीखने का अवसर प्रदान करेगी। यह क्लास विशेष रूप से उन छात्रों के लिए फायदे मंद है, जो अपनी गणितीय क्षमताओं में सुधार करना चाहते हैं। अभिभावकों के उत्साह को देखते हुए पुनः 29 एवं 30 अक्टूबर को डेमोक्लास का आयोजन किया जाना है। हम आशा करत हैं कि ज्यादा से ज्यादा अभिभावक इस डेमोक्लास में भाग लेंगे और अपने बच्चों को अबेकस के माध्यम से उनकी गणितीय और मानसिक क्षमताओं में सुधार करने के अवसर से लाभान्वित होने देंगे।

# विधायक निधि से बनेगा सामुदायिक भवन, इंद्रशाह मंडावी ने किया भूमिपूजन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के अंबागढ़ चौकी विकासखंड के दौरे पर रहे। उन्होंने ग्राम पंचायत खुर्सीटिकुल अंतर्गत ग्राम दक्कटोला में आयोजित ज्योति कलश स्थापना कार्यक्रम में भी शामिल होकर आशीर्वाद लिया एवं पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना किया। विधायक मंडावी ने इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर ग्राम लेडीजोब ग्राम पंचायत करमतरा में सामुदायिक भवन, ग्राम पंडरीतराई ग्राम पंचायत बागनारा में सामुदायिक भवन तथा ग्राम बागनारा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यरूप से राजिम जाड़े सरपंच, पन्ना मेश्राम, राजकुमार ध्रुव अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, योगेश पटेल जनपद प्रतिनिधि, विमलदास साहू, राखी नूरेसिया सरपंच, चंदू पटेल, नरसिंह किरगे सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छग में 32 लाख राशन कार्ड निरस्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सरकारा ने राज्य में 32 लाख राशन कार्ड को निरस्त कर दिया है जिसके चलते अब 32 लख राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिलेगा।

इस संबंध में खाद्य विभाग के सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि पिछ्ले जिनके कार्ड निरस्त किये गये है वे एक साल से राशन लेने नहीं आ रहे हैं न ही इन लोगों ने केवाईसी हुई है। केवायसी होने पर फिर से राशन दिया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में लगभग 95 लाख राशन कार्डधारी परिवार हैं। 2 करोड़ 73 लाख राशन हितग्राही हैं, जिसमें से 32 लाख लोगों का राशन कार्ड सस्पेंड किया गया है। छत्तीसगढ़ में लंबे समय से राशन कार्ड धारकों को ई-केवायसी कराने के लिए कहा जा रहा है। खाद्य विभाग ने फर्जी हितग्राहियों को हटाने के लिए ई-केवायसी कराना अनिवार्य कर दिया है। इसके बावजूद अब तक प्रदेश के 32 लाख हितग्राहियों ने ई-केवायसी नहीं कराया है।













# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान का प्रथम राजनांदगांव आगमन



भव्य स्वागत एवं बाइक रैली के साथ कार्यकर्ताओं में जोश

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान के प्रथम राजनांदगांव आगमन पर जिले में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यालय के पास प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने गजमाला पहनाकर सम्मानित किया, पटाखे फोड़े और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान ने कैम्प कार्यालय पहुँचकर पूर्व सांसद भैया अभिषेक सिंह जी से सौजन्य भेंट की तथा पार्टी की नीति-रीति और संगठनात्मक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद भव्य बाइक रैली के रूप में प्रदेश अध्यक्ष जी ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए मो. इरफान शेख जी के कार्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए आगामी कार्यक्रमों की दिशा और संगठन विस्तार पर मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व राज्य मंत्री अकरम कुरैशी, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, पूर्व मंडल महामंत्री हकीम ख़ान, जिलाध्यक्ष चौकी राजू कुरैशी, प्रदेश मंत्री रफीक खान, जिला महामंत्री ज़हीर अब्बास, जिला उपाध्यक्ष अफ़ज़ल ख़ान सहित हैरी जोसेफ, असलम ख़ान, इमरान बीबा, इस्माइल ख़ान, नदीम बडगुजर, सलीम कुरैशी, अफसर ख़ान, तबरेज खान, अरशद अली, बशीर खान, हेमंत राजपूत, भूरू बडगुजर, शादाब ख़ान, दिलीप साहू, प्रिंस भाटिया, राहुल भोइर, बबलू साहू, अहमद खान एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान ने कहा कि 'अल्पसंख्यक समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प से जुड़ रहा है। आने वाले समय में संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हमारा लक्ष्य है।' कार्यक्रम का संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया एवं अंत में प्रदेश अध्यक्ष जी का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया गया।

# उमरवाही में मार्च तक पुलिस चौकी का शुभारंभ डोंगरगांव थाना प्रभारी ने किया स्थल निरीक्षण



जोंधरा (दावा)। बहुत लंबे समय से छुरिया विकासखंड के आश्रित वनांचल ग्राम उमरवाही में पुलिस चौकी खोलने की मांग ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है, वर्ष भरपूर पूर्व ही तत्कालीन जिलाधीश और एस.पी. द्वारा ग्राम उमरवाही पहुंचकर पुलिस चौकी हेतु स्थल निरीक्षण किया जा चुका था।

आज 14 अक्टूबर को स्थानीय डोंगरगांव थाना प्रभारी कृष्ण पाटले द्वारा ग्राम उमरवाही पहुंचकर ग्राम पंचायत के सरपंच रामाधीन रावटे पूर्व सरपंच शेख निजामुद्दीन, समाजसेवी लक्ष्मीचंद जैन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश भूआर्य एवं अन्य ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में ग्रामीणों द्वारा पुलिस चौकी हेतु सुझाए गए स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पूर्व में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला भवन को फाइनल किया गया। पुलिस चौकी से उमरवाही को लाभ-वनांचल ग्राम उमरवाही में पुलिस चौकी खुलने से सबसे बड़ा फायदा उमरवाही सहित आसपास के ग्रामों में अपराधों में कमी आएगी, वर्तमान मे वनांचल में स्थित उमरवाही से स्थानीय आरक्षी केंद्र डोंगरगांव की दूरी 25 किलोमीटर है साथ ही डोंगरगांव उमरवाही मार्ग की दुर्दशा के चलते 25 किलोमीटर की दूरी को पार करने दो घंटा का वक्त लग जाता है जिसका खामियाजा उमरवाही एवं क्षेत्र के ग्रामीणों को समय-समय पर चोरी जैसी वारदात के रूप में भुगतना पड़ता रहा है, पुलिस चौकी खुलने से ग्रामीण इन वारदातों से बेफिक्र हो जाएंगे।

35 ग्राम होंगे शामिल- प्रतिनिधि द्वारा थाना प्रभारी कृष्णा पाटले को पूछे गए सवाल में उन्होंने बताया की उमरवाही पुलिस चौकी में क्षेत्र के 35 ग्रामों को शामिल किया जाएगा उमरवाही से लगे यह सभी ग्राम आज भी व्यावसायिक रूप से उमरवाही पर ही निर्भर है।

मार्च तक होगा शुभारंभ-थाना प्रभारी कृष्णा पाटले ने प्रतिनिधि सहित उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि पुलिस चौकी का उमरवाही में शुभारंभ मार्च माह के प्रथम सप्ताह तक कर दिया जाएगा, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि प्रारंभ में करीब 15 से 20 का स्टाफ प्रशासन द्वारा भेजा जाएगा।

ग्रामीणों में खुशी- लंबे समय के पश्चात उमरवाही में पुलिस चौकी खुलने की नियत तिथि तय होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है, ग्रामीण विनय श्रीवास, ठाकुरराम यादव, संतराम उर्वाशा, मनीराम मलेन्द्र, सफीक खान, अनंत तिवारी, जीवनचंद जैन, ने उमरवाही के ग्राम के लिए इसे उपलब्धि करार दिया।

# राजनांदगांव के रेहान खान ने वेटलिफ्टिंग में रचा इतिहास



23वां राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता ओपन जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मैडल

राजनांदगांव (दावा)। जिले के युवा वेटलिफ्टर रेहान खान ने अपनी दमदार प्रदर्शन से एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। बलौदा बाजार में आयोजित ओपन जूनियर स्टेट वेटलिफिटंग चैंपियनशिप 2025 में रेहान ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राजनांदगांव मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने बताया कि वेटलिफ्टर रेहान खान पिता मजहर खान ने 94 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नैच में 120 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 151 किलोग्राम वजन उठाया। इस तरह रेहान ने कुल 271 किलोग्राम वजन उठाकर ओपन जूनियर स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

यह प्रतियोगिता 10 से 12 अक्टूबर तक बलौदा बाजार में आयोजित हुई थी, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रेहान के इस शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। खेल प्रेमियों का कहना है कि रेहान की यह उपलब्धि आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता की नींव साबित होगी।

## डॉ. रमन का जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान के तहत महावीर तालाब की सफाई

### विकास पुरुष के स्वास्थ्य जीवन की मंगल कामना हेतु मां बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना



डोंगरगढ़ (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री, राजनांदगांव विधायक एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के जन्मदिवस के अवसर में शहर भाजपा मंडल डोंगरगढ़ के द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्वच्छता अभियान समय-सुबह 7:00 बजे से स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में प्रारंभ होगा। डॉ.रमन सिंह के स्वास्थ्य जीवन के लिए समय-सुबह 10:00 बजे नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना की जाएंगी। सुबह 10:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम अछोली में फल वितरण किया जाएगा। जसमीत सिंह बन्नोआना अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल विनीत यादव विनय बंसल महामंत्री भाजपा शहर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी शुभम परिहार डोंगरगढ़ की ओर से सभी पूर्व विधायक गण, सभी वरिष्ठ गण, सभी मंडल पदाधिकारी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, सभी पार्षद गण, पूर्व पार्षद गण, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, सभी बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के सभी जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति के लिए कहा गया है।

# छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों के कर्मचारियों का बड़ा आंदोलन घोषित

**प्रदेशभर में 24 अक्टूबर से चरणबद्ध धरना प्रदर्शन, 12 नवंबर से तुता रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पंजीयन क्र. 6685 एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर के सहकारी समिति कर्मचारियों ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। महासंघ ने बताया कि शासन की नीतियों के कारण विगत दो वर्षों 2023-24 एवं 2024-25 में समितियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है।



संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी लिखित आदेश के अनुसार 28 फरवरी के बाद सुखत आने पर उसकी भरपाई नहीं की जा रही है। साथ ही, बीते वर्षों में धान परिवहन कार्य समय पर पूरा न होने से प्रदेश की 2058 समितियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। नए ऑपरेटसंघ ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले 18 वर्षों से समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों को हटाकर, अब शासन द्वारा 2739 उपार्जन केन्द्रों पर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नए ऑपरेटरों की भर्ती की जा रही है, जो अन्यायपूर्ण है। इसके विरोध में प्रदेशभर के समिति कर्मचारी आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

संघ ने कहा कि शासन द्वारा अब उपार्जन केंद्र प्रभारियों के स्थान पर अनुविभागीय अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है जबकि धान खरीदी से संबंधित कार्य जैसे हमाली व्यवस्था, धान तौल, सिलाई-छल्ली, स्टैफिंग, धान की सुरक्षा, सुखत की जिम्मेदारी, परिवहन और अंतिम उठाव तक की जिम्मेदारी समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों की होती है। इस स्थिति को स्पष्ट करने हेतु शासन से स्पष्ट आदेश जारी करने की मांग की गई है।

आंदोलन की रूपरेखा महासंघ ने आंदोलन की चरणबद्ध रूपरेखा घोषित की है 24 अक्टूबर 2025 शुक्रवार प्रदेश के 33 जिलों में जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर जिलाधीशों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 28 अक्टूबर 2025 मंगलवार तुता, रायपुर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री एवं संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 3 नवंबर 2025 सोमवार।प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आरंभ किया जाएगा।

12 नवंबर 2025 से तुता रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा। जिसमें प्रदेश के लगभग 13,000 समिति कर्मचारी एवं 2,739 कम्प्यूटर ऑपरेटर संयुक्त रूप से भाग लेंगे। राजनांदगांव जिले की 74 समितियों एवं 96 उपार्जन केंद्रों के प्रभारी, कर्मचारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर भी इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ, जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष किशुन लाल देवांगन ने बताया कि हमारी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। शासन द्वारा यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में सहकारिता कार्य ठप हो सकता है।

# शिक्षक सम्मान समारोह : व्याख्याता दंपति थगेश्वर साहू और रेशमी साहू को मिला छत्तीसगढ़ गौरव



राज्यपाल पुरस्कार के लिए भी नाम घोषित

**राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 11 अक्टूबर को रायपुर के इंद्रावती कॉलोनी, शांति नगर में कामरेड स्व. नरेंद्र सिंह चंद्राकर (पूर्व प्रांतअध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासकीय कर्मचारी संघ) की पुण्यतिथि में आयोजित किया गया था।**

जिसमें राजनांदगांव जिला के डोंगरगांव ब्लॉक के व्याख्याता थगेश्वर कुमार साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार एवं जिला बालोद विकासखंड डौंडीलोहारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की व्याख्याता श्रीमती रेशमी साहू दोनों व्याख्याता दंपति को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत शाल, श्रीफल, प्रणाम पत्र एवं मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्यो का सम्मान

थगेश्वर कुमार साहू को यह सम्मान बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम, विषयों में नवाचार, साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण के साथ-साथ जल एवं पर्यावरण संरक्षण कार्य, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, साहित्यिक कार्य, समाजसेवा आदि विभिन्न उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया। साथ ही थगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता को 2025-26 में राज्यपाल पुरस्कार हेतु आपकी नाम की घोषणा 5 सितंबर को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के द्वारा राज भवन में किया गया। श्रीमती रेशमी साहू को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, नवाचार, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में, विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन छात्र एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ और उड़ान राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। इस आयोजन में निधि चंद्राकर, संजय कुमार मैथिल, परसराम साहू, राजेंद्र पाटकर, मीना भारद्वाज और अनेक प्रमुख व्यक्तित्वो की उपस्थिति रही। आप दोनों व्याख्याता दंपति अपने-अपने कार्य क्षेत्र में प्रमुखता से उत्कृष्ट योगदान देते हैं। इस सम्मान से परिवार, समाज एवं विभाग में हर्ष का माहौल है।

# समाजसेवा के नए संकल्प के साथ परिक्षेत्रीय साहू संघ बेलरगोंदी की कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व



राजनांदगांव (दावा)। परिक्षेत्रीय साहू संघ बेलरगोंदी के इतिहास में 13 अक्टूबर का दिन गौरवमय रहा। जब नवगठित कार्यकारिणी ने समाजसेवा के नए संकल्प के साथ अपने पदभार का विधिवत ग्रहण किया। 28 सितंबर को संपन्न हुए चुनाव के पश्चात आज शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास और सैकड़ों समाजबंधुओं की उपस्थिति में मनाया गया।

### नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

समाज के वरिष्ठजनों और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में परिक्षेत्रीय साहू संघ बेलरगोंदी की नई कार्यकारिणी ने पदभार संभाला। हाल ही में हुए चुनाव में डॉ. अश्वनी कुमार कलिहारी (गहिराभेड़ी) अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू (गहिराभेड़ी), महिला उपाध्यक्ष श्रीमति ज्योति साहू (बिटाल), संगठन सचिव उदेराम साहू (बागद्वार), महिला संगठन सचिव श्रीमती सुलोचना साहू (पंडरीपथरा), सचिव (मनोनीत) खिलावन जेठूमल साहू (हैदलकोड़ो), कोषाध्यक्ष (मनोनीत) भुनेश्वर साहू (तेलगांन), मीडिया प्रभारी उमाशंकर साहू (बेलरगोंदी), प्रवक्ता चिरंजीव साहू आदि है। अध्यक्ष डॉ. कलिहारी ने नवगठित कार्यकारिणी के अंतर्गत संरक्षकगण, अंकेक्षक, वरिष्ठ सलाहकार और विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक व सह-संयोजकों की भी घोषणा की। विभिन्न प्रकोष्ठों में युवा, राजनीति, निर्माण, चिकित्सा, किसान, कर्मचारी, व्यापारी, सांस्कृतिक और सहकारिता प्रकोष्ठ शामिल हैं।

### समाज के उत्थान पर जोर

कार्यक्रम में तहसील साहू संघ छुरिया के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, परिक्षेत्र साहू संघ छुरिया के अध्यक्ष उमेश साहू, परिक्षेत्र साहू संघ कल्लूबंजारी के अध्यक्ष हुकुमचंद साहू तथा तहसील साहू संघ छुरिया के कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर साहू सहित कई सम्माननीय अतिथिगण उपस्थित रहे। परिक्षेत्र साहू संघ बेलरगोंदी के पूर्व अध्यक्ष नलेन्द्र साहू की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार कलिहारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह संगठन समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वरोजगार, एवं एकता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी मिलकर साहू समाज को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन गरिमामय वातावरण में हुआ और अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी उमाशंकर साहू मोनू ने दी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**नेपाल के बाद ईस्ट अफ्रीका में जेन-जी....**

व्यापक असंतोष में बदल गया। तीन हफ्तों से चल रहे इस जेन-जेड नेतृत्व वाले विरोध में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने शुरुआती दिनों में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर सरकार की हिंसक प्रतिक्रिया की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं और दर्जनों घायल हुए हैं, जबकि सरकार ने इसे खारिज किया है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट के जरिए संगठन किया और नेपाल और श्रीलंका में हालिया विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा ली। मेडागास्कर में यह पहली बार नहीं है जब सत्ता पर संकट आया हो। 1960 में फ्रांस से आजादी के बाद देश में कई बार राजनीतिक संकट और तख्तापलट हुए हैं। खुद राष्ट्रपति राजोएलिना भी 2009 में एक सैन्य समर्थित विद्रोह के बाद सत्ता में आए थे। उन्हें 2018 में चुना गया और 2023 में दोबारा राष्ट्रपति बने, लेकिन विपक्षी दलों ने उस चुनाव का बहिष्कार किया था। रिपोर्टों के मुताबिक, राष्ट्रपति के पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सलाहकार भी देश छोड़कर पड़ोसी द्वीप मॉरीशस पहुंच गए हैं, जहां सरकार ने इस निजी विमान की लैंडिंग पर नाराजगी जताई है। गौरतलब है कि मेडागास्कर, पूर्वी अफ्रीका के पास स्थित एक बड़ा द्वीप देश है, जिसकी आबादी करीब 3.1 करोड़ है। वहां गरीबी और सरकारी सेवाओं की असफलता को लेकर जनता में लंबे समय से नाराजगी है, जो अब बड़े विरोध में बदल चुकी है।

**जैसलमेर में भीषण सड़क हादसा.....**

निरीक्षण किया. सीएम ने आर्मी के जवानों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा इस हादसे में की गई मदद एंव सहायता के लिए सभी का आभार जताया एवं धन्यवाद दिया. इस दौरान पोकरण के विधायक प्रताप पूरी एवं विधायक सांग सिंह भाटी सहित प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना की गंभीरता एवं दुखांतिका के कारण कल पटना में प्रचार का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जैसलमेर से जोधपुर जा रही बस में भीषण आग लगने से कई लोगों के हताहत होने का चिंताजनक समाचार मिला है. मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि इस हादसे में कम से कम जनहानि हो एवं झुलसे हुए लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले. अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का सटीक कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या इंजन के अधिक गर्म होने की आशंका जताई गई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**टॉप नक्सली लीडर का 60 साथियों के.....**

गृह मंत्री अमित शाह और देश भर की राज्य सरकारों के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियानों का परिणाम है। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सोमवार देर रात पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का एक सदस्य और एक संभागीय समिति के 10 सदस्य शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ सोनू को माओवादी संगठन के सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में से एक माना जाता था और वह लंबे समय से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर प्लाटून अभियानों की निगरानी करता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में उसके और शीर्ष नक्सल नेतृत्व के बीच बढ़ते मतभेदों के कारण आंतरिक संघर्ष हुआ। माना जाता है कि अपने बड़े भाई शीर्ष माओवादी नेता किशनजी की मौत के बाद वेणुगोपाल ने पश्चिम बंगाल में खासकर लालगढ़ आंदोलन के दौरान ऑपरेशन ग्रीन हंट के खिलाफ सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र प्रतिरोध की कमान संभाली थी। वर्षों से उन्हें माओवादी पदानुक्रम में एक प्रमुख रणनीतिकार और विचारक माना जाता रहा, जो ज्यादातर मध्य भारत के घने जंगलों में जिनमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा के कुछ हिस्से शामिल हैं, वहां सक्रिय रहे। सितंबर में सोनू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हथियार डालने की जानकारी दी थी। उन्हें छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में माओवादी कार्यकर्ताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोनू को भाकपा (माओवादी) के उत्तर उप-क्षेत्रीय और पश्चिम उप-क्षेत्रीय ब्यूरो से समर्थन मिला, जिन्होंने अब मुख्यधारा में लौटने के लिए अपनी रुचि दिखाई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कुख्यात नक्सली सोनू ने 15 अगस्त को एक मौखिक और लिखित बयान जारी कर युद्धविराम के लिए तैयार होने का दावा किया था। बता दें कि पिछले हफ्ते ऐसी खबरें आई थीं कि तेलंगाना के मूल निवासी वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और साथी कार्यकर्ताओं से खुद को बचाने और व्यर्थ बलिदान ना देने की अपील की थी।

**हाईकोर्ट ने विजय बघेल की चुनाव....**

रहेगी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें यह स्वतंत्रता दी है कि वे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, जो कि इस मामले में इलेक्शन ट्रिब्यूनल के रूप में कार्य कर रहा है, के समक्ष इस याचिका की मेंटेनबिलिटी (स्वीकार्यता) को चुनौती दे सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका औपचारिक रूप से वापस ले ली। यह याचिका उन्होंने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 8 मई के उस आदेश के खिलाफ दायर की थी, जिसमें उनके खिलाफ चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी रखने का निर्णय लिया गया था। बघेल ने चुनाव याचिका पर अंतरिम रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि हाईकोर्ट में चल रही इस कार्यवाही पर रोक लगाई जाए, क्योंकि यह याचिका प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज की जानी चाहिए थी।

# जीतन राम मांझी ने अपने सभी 6 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

पटना। पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की पार्टी HAM ने बिहार की 6 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मांझी ने अपनी बहू दीपा कुमारी पर एक बार फिर भरोसा व्यक्त किया है। दीपा बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी हैं। सीट शेयरिंग के बाद से ही जीतन राम मांझी नाराज चल रहे थे। लेकिन, मंगलवार की सुबह एनडीए घटक दलों के साथ हुई बैठक में जीतन राम मांझी मान गए। इसके बाद एनडीए घटक दलों ने अपनी लिस्ट जारी करना शुरू कर दिया। सबसे पहले बीजेपी की ओर से पहले चरण के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की गई। बिहार चुनाव में एनडीए की ओर से मात्र 6 सीट देने से जीतन राम मांझी नाराज थे। मांझी का पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में मात्र 07 सीटों पर चुनाव लड़कर 04 पर चुनाव जीती थी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208





## पहला कॉलम...

### जिले में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति-2009 एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम को अपनाते हुए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम अंतर्गत इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन किया गया है। इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम राज्य एवं जिला स्तर पर आपदाओं से निपटने तथा तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराने एवं आपदा के समय विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्णय लेने का कार्य करेगी।

### स्कूली बच्चों ने किया आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के सेकेण्डरी स्तर के 85 विद्यार्थियों को आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों ने बच्चों को आवश्यक कैरियर मार्गदर्शन दिया और आईआईटी में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को आईआईटी भिलाई के तकनीकी विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग सहित भौतिकी, बायोटेक एवं ऑप्टिकल लैब का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने अटल टिंकरिंग लैब एवं इंस्पायर अवार्ड के लिए बनाए गए मॉडल को अपग्रेड के संबंध में जानकारी ली। आईआईटी भिलाई में शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे आईआईटी जैसे प्रतिष्ठत संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित हुए। शैक्षणिक भ्रमण में सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र किशक्षा रोहित कुमार सिन्हा, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती प्रणीता शर्मा, विकासखंडों के एस्कार्ट शिक्षक एवं बच्चे शामिल थे।

### स्कूली बच्चों को मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में दी जा रही जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर मलेरिया डेंगू एवं विभिन्न वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में वाद-विवाद, चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं सहित अन्य जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेमोंटो प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जिला प्रबंधक शहरी कार्यक्रम पूजा मेश्राम, जिला मलेरिया सलाहकार संगीता पाण्डे, जिला सलाहकार एनटीसीपी निहारिका टोपनो द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी जा रही है।

### युक्तियुक्तकरण के अनुमोदन उपरांत मतदान केन्द्रों की सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर सहमति एवं स्वीकृति मिलने के बाद उपाबंध 6 में मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन किया गया है। राजनांदगांव जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट पर किया जा सकता है।

## सफलता की कहानी : सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सक्षम जैन बने ऊर्जा में सक्षम, बिजली बिल हुआ शून्य



राजनांदगांव (दावा)। अक्षय ऊर्जा स्त्रोत से बिजली का उत्पादन नए अविष्कार और ऊर्जा के क्षेत्र में स्थायी एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एक सशक्त पहल है। पर्यावरण मित्र एवं बिजली की बचत के दृष्टिकोण से अब जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लोकप्रिय हो रही है। जिससे बिजली बिल से मुक्ति मिली है, वहीं बिजली का अतिरिक्त उत्पादन से उपभोक्ताओं को बहुत फायदा हो रहा है। नए आधुनिक तकनीक व बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ईजाद की गई यह योजना वरदान से कम नहीं है। सही मेंटनेंस एवं देखरेख से सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा की बचत और उत्पादन दोनों के लिए कारगर साबित हो रही है। राजनांदगांव शहर निवासी सक्षम जैन ने बताया कि उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया है। शासन द्वारा 78 हजार की सब्सिडी भी प्राप्त हुई है। पहले बिजली का बिल लगभग 1500 रूपए आता था, जो अब घटकर शून्य हो गया है। अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने से विद्युत विभाग के पास जमा है। जिससे बिजली की बचत होने के साथ पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लाभदायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते है। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट pmsuryaghar.gov.in या पीएम सूर्यघर मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अधिक से अधिक जनमानस को लाभान्वित करने की जरुरत : कलेक्टर जितेन्द्र यादव




- सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के दिए निर्देश
- मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें
- शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कक्षा में नियमित उपस्थिति की होनी चाहिए मानिटरिंग
- जिले में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए मासिक टेस्ट की करें समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी अधिकारी सक्रियता एवं तत्परता से कार्य करेंगे तथा निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचेंगे और मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतरीन कार्य करेंगे। जनमानस के साथ अधिकारियों का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि कलेक्टर्स कान्फ्रेंस में जिले में चल रहे पोट्ठ लईका नवाचार की प्रशंसा की गई है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के अच्छे परिणाम मिल रहे है। आगे भी जिले में विकास कार्यों के लिए नवाचार जारी रहेंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है, जिसके अंतर्गत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाना है। इस योजना अंतर्गत हितग्राहियों को घर में बिजली की आवश्यकता के अनुरूप रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने के संबंध में जनमानस को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नेट मीटर के माध्यम से हितग्राही को सोलर प्लांट से प्राप्त बिजली तथा विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर के माध्यम से ऊर्जा के उपयोग के संबंध में सही जानकारी मिलेगी। जिससे बिजली के बिल में कमी होने के साथ ही बिजली की बचत भी होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा रक्षा अभियान के तहत सभी अधिकारियों की सहभागिता होने चाहिए। उन्होंने धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उक्त बातें कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए हाई रिस्क वाली गर्भवती माताओं को अधिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें एवं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन करने की आवश्यकता है, जहां मातृ मृत्यु दर अधिक है। उन्होंने मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए एएनसी, सोनोग्राफी, टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पोषण पुर्नवास केन्द्रों में समग्र दृष्टिकोण से बच्चों के सुपोषण के लिए कार्य करने कहा। शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कक्षा में नियमित उपस्थिति होना चाहिए तथा इसकी मानिटरिंग भी होना चाहिए। उन्होंने कार्य नहीं करने वाले लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बोर्ड परीक्षाओं में जिले के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए मासिक टेस्ट की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-ऑफिस के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य नोनी योजना अंतर्गत बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, एनआरएलएम समूह की महिलाएं मिलकर समन्वित तरीके से यह कार्य जारी रखें। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में ग्रामों को शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लिए प्राथमिकता से कार्य करना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दीवाली के पहले 675 गरीब परिवारों में छायी खुशियां, मिली जीवनोपयोगी सामग्री





- बीहड़ जंगल में रहने वाले 675 परिवारों में बांटे गए जीवनोपयोगी सामग्री, खिल उठे चेहरे
- दीपावली निमित्त श्री योग वेदांत सेवा समिति का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गरीबो की निश्वार्थ सेवा ईश्वर की सेवा है। कहते है कि नर सेवा, नारायण सेवा। इसी सेवा को चरितार्थ करते हुए दीपावली पर्व निमित्त प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत आशाराम बापू प्रेरित श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा बीहड़ वनांचल आदिवासी क्षेत्रों में विशाल रूप में जीवनोपयोगी सामग्री वितरण एवं भंडारे का आयोजन कर रहे है।

राजनांदगांव जोन के समस्त समिति प्रमुख रोहित चंद्राकर, नोहर जंघेल, रामकुमार देवांगन, गोपाल यादव, रामाधीन साहू, जीवन साहू, गोस्वामी, उमाशंकर कुंवर ने संयुक्त रूप से बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर्व निमित्त विभिन्न बीहड़ वनांचल आदिवासी क्षेत्रो के 675 गरीब परिवारों तक पहुंचकर समिति के सेवाधारी सामूहिक कार्यक्रम कर सामग्री वितरण एवं भंडारे का आयोजन कर रहे है।

### दीपावली के पूर्व सामग्री पाकर हर्षित हुए लोग

जीवनोपयोगी सामग्री वितरण में राशन सामग्री के साथ बच्चों के कपड़े, साड़ियां, सलवार सूट, पैंट-शर्ट, चप्पल, कंबल, मिठाई, बाल्टी, टप, लॉकेट, तेल, दीपक, नोटबुक, कैलेंडर एवं नगद राशि आदि सामग्री पाकर परिवारों में अलग ही खुसी देखने को मिली तो वही कुछ परिवारों के आंखों में खुसी के आंसू देखने को मिली। मानो यह दीवाली उनकी सच्ची दीवाली हो गई।

### 675 जरूरतमंद परिवार में खुसी का माहौल

संस्था के टीके चंद्राकर, संजय साहू, प्रवीण चक्रधारी ने बताया कि योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव तत्वावधान में समस्त क्षेत्रीय समितियां की सहायता से बीहड़ जंगलों में रहने वाले 675 गरीब परिवारों ये सेवा की गई। जिसमें में राजनांदगांव के झुग्गियों में रहने वाले 130 परिवार, गंडई क्षेत्र सुखतरा में 150 परिवार, खैरागढ़ क्षेत्र गतापार जंगल मे 110 परिवार, चौकी क्षेत्र बरारमुंडी में 25 परिवार, मोहला क्षेत्र हिडकोटोला में 120 परिवार एवं डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव में घर-घर जाकर 140 परिवार जो बीहड़ जंगल क्षेत्र में रहते है। उन तक पहुंचकर बापू के सेवाधारी जरूरतमंदों की सेवा की। पिछले 55 वर्षो से पूज्य बापूजी वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों की सेवा करते आये है और अपने भक्तों को भी सेवा करने हेतु प्रेरित किये है। उसी के फलस्वरूप पिछले 15 वर्षों से राजनांदगांव समिति द्वारा यह सेवा अनवरत जारी है।

आयोजन में सर्वप्रथम दीपक प्रज्वलित कर गुरुवंदना, भगवन्नाम संकीर्तन एवं देवमानव हास्य प्रयोग कराया गया तत्पश्चात स्वस्थ्य सुखी व सम्मानित जीवन जीने की कुंजी बताकर हर परिस्थिति में सम रहकर अपने जीवन को धन्य करने को प्रेरित किया गया। उपस्थित जनसमुदाय बहुत आनंदित हुए। सभी को पंक्तिबद्ध बिठाकर उन्हें भोजन से तृप्त किया गया। इसके बाद जीवनोपयोगी सामग्री एवं राशन परिवारों में बांटे गए। इस आयोजन में समस्त क्षेत्रीय समिति जैसे खैरागढ़ समिति, गंडई समिति, डोंगरगढ़ समिति, डोंगरगांव समिति, चौकी समिति, छुरिया समिति, मोहला समिति के पदाधिकारी व सेवाधारी तन-मन-धन लगाकर जरूरतमंदो की सेवा की।

## मिलापदास साहू तहसील साहू संघ कुर्मदा के अध्यक्ष निर्वाचित



छुरिया (दावा)। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन मे चुनाव अधिकारियों के देखरेख में दिनांक 11 अक्टूबर शनिवार को तहसील साहू संघ कुर्मदा का शांतिपूर्ण रूप से चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मिलाप दास साहू निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए हिरेंद्र साहू (खोराटोला) उपाध्यक्ष महिला श्रीमती फनेश्वरी साहू निर्वाचित हुए। संगठन सचिव पद के लिए तोरणदास साहू एवं संगठन सचिव महिला श्रीमती संगीता साहू निर्वाचन हुए। जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा तहसील साहू संघ कुर्मदा के चुनाव के लिए चंद्रशेखर साहू चुनाव पर्यवेक्षक, कुलेश्वर साहू मुख्य चुनाव अधिकारी, डॉक्टर महेश साहू सहायक चुनाव अधिकारी, नीलकंठ साहू सहायक चुनाव अधिकारी, नरेंद्र कुमार साहू सहायक चुनाव अधिकारी, कौशल साहू सहायक चुनाव अधिकारी एवं कोमल साहू सहायक चुनाव अधिकारी के देखरेख में तहसील साहू संघ कुर्मदा का चुनाव संपन्न हुआ।

तहसील साहू संघ कुर्मदा में कुल 514 मतदाताओं में से 496 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का उपयोग किया। कुल पाच पदों के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष एक पद, उपाध्यक्ष दो पद और संगठन सचिव दो पद के लिए निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष पद के लिए मिलापदास साहू एवं ज्ञानचंद साहू चुनाव मैदान में उतरे। जिसमें मिलापदास साहू को 279 मत प्राप्त हुवा एवं ज्ञानचंद साहू को 210 मत प्राप्त हुआ। 69 मतों से मिलाप दास को विजय घोषित किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए मनसुखी साहू को 206 मत एवं हिरेंद्र साहू (खोराटोला) को 210 मत प्राप्त हुआ। मुकाबला में हिरेंद्र साहू काटे के संघर्ष में 4 मतों से विजय प्राप्त किया। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें श्रीमती फनेशवरी साहू 244 मत एवं श्रीमती भुवनेश्वरी साहू को 211 मत प्राप्त हुए फनेश्वरी साहू 33 मतों से विजय घोषित हुए।

## कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

### 'बेटियां : बदलाव की प्रेरणा' विषय पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में, कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विशाखा महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'बेटियां' बदलाव की प्रेरणा रखा गया था। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक मंच प्रदान करना था। जहां वे बेटियों की भूमिका, अधिकारों और सशक्तिकरण पर अपने विचारों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम की खास आकर्षण पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता रही। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने कन्या शिक्षा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह व लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता और विचारों को प्रस्तुत किया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने इस अवसर पर कहा, ÷जब एक बालिका को शिक्षा और अवसर मिलते हैं, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे समाज की दिशा बदल देती है। हमें बेटियों को सिर्फ आगे बढने की आजादी ही नहीं, उनके साथ खड़े होकर उन्हें प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। सशक्त बेटी, सक्षम भारत की पहचान है। संस्था के निदेशक डॉ. मनीष जैन, श्रीमान संजय अग्रवाल एवं श्रीमान आशीष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि बेटियों का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया है। शिक्षा, सम्मान और समानता के माध्यम से जब बेटियों को समर्थ बनाया जाता है, तो वे परिवार, समाज और देश के विकास की दिशा तय करती हैं। उनके सपनों को उड़ान देना हम सभी का दायित्व है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने कहा कि बालिकाएं केवल परिवार का नहीं, पूरे राष्ट्र का भविष्य हैं। हमें उन्हें अवसर देने होंगे, न कि रोकने की दीवारें खड़ी करनी होंगी। एक शिक्षित और आत्मनिर्भर बालिका पूरे समाज को बदलने की क्षमता रखती है।

### चेंदरीबन नवागांव में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में संयुक्त रूप से शासन के आदेशानुसार द्वितीय पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य प्राथमिक उद्देश्य है कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना है। तिमाही परीक्षा परिणाम से उपस्थित पालकों को अवगत करवाया गया। इस बैठक में कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, चंद्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, शिक्षक अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, चैतन्य देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, दीप्ति शेण्डे, श्रवण साहू, रैनू साहू, तेजराम साहू, लिकेश्वर साहू, कमलेश देवांगन, रूस्तम पटेल, भूपेन्द्र साहू, दिनेश साहू, नागेश साहू, मुकेश पटेल, खोमन साहू, फागेश्वर साहू, पूर्णिमा देवांगन, खिलेश्वरी ठाकुर, खिलेश्वरी पटेल, भगवंतीन एवं पालकगण बड़ी संख्या उपस्थित थे।

## सामाजिक अंकेक्षण में परखा कल्लूबंजारी स्कूल का शैक्षणिक गुणवत्ता



कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत छुरिया विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित कर विद्यालय के शिक्षा गुणवत्ता सहित विभिन्न गुणवत्ताओं का परीक्षण किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में उपस्थित बच्चों एवं पालकों को विस्तृत जानकारी देते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नवाचारी एवं उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के माध्यम से शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा चलाए जाने वाले जन कल्याण कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा बच्चों का सर्वांगीण करना है। सामाजिक अंकेक्षण के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए श्री कुरेटी ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों के परीक्षण के अलावा, शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, सहायक सामाग्री एवं उपयोग, पढ़ाई कोना का निर्माण एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी देकर बच्चों से संबंधित प्रश्न पूछा गया। इसके अलावा सभी 20 प्रश्नों पर प्रश्न पूछ कर परीक्षण किया गया।

उपस्थित पालकों एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को भी शाला प्रबंधन संबंधी एवं शासकीय योजनाओं के संबंधित सामान्य प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया जिससे पालको एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों में आत्म सम्मान की भावना जागृत हुई है। सामाजिक अंकेक्षण के ग्रुप लीडर के रूप में प्राथमिक शाला के लिए गजेन्द्र कुमार खिलोरिया प्रभारी पाठक प्राथमिक शाला ब्राम्हण मासूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला के लिए देवानन्द देवांगन प्रभारी पाठक पूर्व माध्यमिक शाला आटरा उपस्थित रहकर अपना कर्तव्य पूरा किया। सहायक के रूप में जगन्नाथ नेताम एवं दिनेश कुमार कुरेटी ने सहभागिता निभाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षकगण एस.आर.कार्ते, टी.आर.बढ़ई, ए.एस.ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे, सी.एल.भूआर्य, सरपंच चित्रा कोर्राम, ग्राम पटेल, राजकुमार पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार कंवर एवं रामेश्वरी मंडावी, उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, रामाधीन ठाकुर, दिलहरण पटेल, सुनीता रामटेके, ममता बाई,नरबदिया पटेल, चैतीबाई साहू, यशोदा बाई, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र ठाकुर आदि सहित शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आज डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर बिखरेंगी इंद्रधनुषी खुशियां, बिखरेंगे कैलाश खेर के सुर

राजनांदगांव (दावा)। आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन की चहुंओर खुशियां बिखरेंगी। संस्कारधानी की जनता अपने लोकप्रिय विधायक डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने उमड़ पड़ेंगे। इस उपलक्ष्य में जहां भाजपा संगठन के लोगों ने डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास से मनाने जोरदार तैयारियां की है। वहीं भाजपा नेता व निगम की सत्ता में विराजमान पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने प्रिय नेता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम करने जा रहे हैं। आज संस्कार धानी नगरी सहित पूरे जिले भर का माहौल डॉ. रमन सिंह की जन्मदिन की खुशियों में सना रहेगा। राजनांदगांव के लाडले विधायक डॉ. रमन सिंह के स्वागत अभिनंदन का माहौल हर्षोल्लास मय बना रहेगा।

**शिव का वंदन, श्रीराम व जय-जय कारा जैसे गीतों से झूमेगी संस्कारधानी**



### कैलाश खेर के गीतों में झूमेगी संस्कारधानी

बता दें कि आज 15 अक्टूबर बुधवार को क्षेत्र के लोक प्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के 73वें जन्मदिन की खुशियों पूर्ण ज्योत्सना वाली चांदनी रात की तरह बिखरेगी। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष व युवा वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष भावेश बैद द्वारा आज डॉ. रमन सिंह की जन्मदिन की खुशियों से शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में कैलाश नाईट कराने जा रहा है। इस संदर्भ में पिछले दिनों जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी कोषाध्यक्ष भावेश बैद आदि द्वारा प्रेस वार्ता लिया गया। भावेश ने आज डॉ. रमन सिंह के 73वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित कैराना नाइट के संदर्भ में बताया कि आज की देर शाम कैलाश खेर के सुमधुर गीतों व संगीत की सुरमयी शाम के रंग में रंगने वाली है। स्टेट हाईस्कूल मैदान के भव्य मंच से सुरों के सम्राट कैलाश खेर अपने एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुति देंगे।

### शिव वंदन व जय-जय कारा से दर्शक होंगे विभोर

बता दें कि धर्म अध्यात्म के गीतों को पूरे अंतर्मन की गहराइयों से गाने वाली सुप्रसिद्ध गायिक कैलाश खेर सुपर-डूपरहिट फिल्म बाहुबलि के गीत जय-जय कारा गीत से सर्वाधिक चर्चित हुए थे। इसके अलावा शिव का दर्शन करो वाले गीत लोगों को धर्म व अध्यात्म से भर दिया था। भारतीय लोक, सूफी दर्शन एवं भक्ति संगीत की आत्मा की गहराई से छूने वाले सुप्रसिद्ध गायिक कैलाश खेर आज अपने हिट गानों से संस्कारधानी वासियों को झुमाएंगे। देशभक्ति व भजनों की प्रस्तुति से लोगों के दिलों में अपना जगह बनाएंगे। गीत-संगीत में रुचि रखने वाले तथा स्वयं मधुर आवाज में गाने वाले भावेश बैद ने बताया कि कैलाश खेर आज अपने भक्तिगीत, मेरी एक सुनो अंतर्यामी भोले स्वामी अजी, राम भजो जी, हीरे मोती मैं ना चाहूं, कौन है वो, वो कहां से आया, मैं तो चाहू संगम तेरा जैसे गीतों से लोगों को अध्यात्म और देश प्रेम की भावना से सराबोर कर देंगे।

### भारतीय लोक संगीत व सूफी संगीत का समन्वय

बताते चलें कि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित कैलाश खेर देश के सुप्रसिद्ध पाप, रॉक गायक हैं। भारतीय लोक संगीत व सूफी संगीत से प्रभावित खेर सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक कुमार गंधर्व, शास्त्रीय पं. भीमसेन जोशी, पं. हृदयनाथ मंगेशकर और कव्वाली गायक नुसरत फतेह अली खान से प्रेरित है। श्री खेर अपनी अनूठी गायन शैली से सभी उम्र व वर्ग के लोगों के श्रोताओं में काफी मशहूर है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक के लिए दो बार फिल्म फेयर पुरस्कार मिल चुका है। बालीवुड फिल्म मंगल पांडे-द राइजिंग में कई सुरीले गीत गाए हैं। उनका ओ सिकंदर वाला मशहूर गाना कार्पोरेट का है। उनकी बैंड कैलाशा के नाम के एल्बम का गिना तेरी दीवानी और फिल्म सलामे इश्क-ए ट्रिब्यूट टू लव का गाना, या रब्बा को काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म बाहूबलि-2 द कन्मक्लूजन के गीत जय-जय कारा और जल रही है चिता शीर्ष लोकप्रिय गानों में शुमार है। आज इन लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति से संस्कारधानी के लोग झूम उठेंगे और इतनी बढ़िया कार्यक्रम के लिए डॉ. रमन सिंह सहित यूथ वेलफेयर फाउण्डेशन अध्यक्ष भावैश बैद और पूरे भाजपा परिवार को बधाई देंगे।

# मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर कृतियों पर परिचर्चा आयोजित



**हिंदी विभाग में मुंशी प्रेमचंद को दी गई श्रद्धांजलि**

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करते हुए एक संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती आशा चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। हिंदी विभाग से डॉ. नीता राजपूत एवं सुश्री नीलम सिन्हा ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. नीता राजपूत ने स्वागत उद्बोधन में प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि, उनकी रचनाएं कालजयी हैं और आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी अपने समय में थीं। उनका आदर्शोन्मुख यथार्थवाद समाज के गहरे स्तरों को छूता है।

मुख्य वक्तव्य में डॉ. श्रीमती आशा चौधरी ने प्रेमचंद को एक समाज सुधारक और यथार्थवादी लेखक बताते हुए कहा कि 'उनकी रचनाओं में देश सेवा, सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार और मानवीय संवेदनाओं की गहन अभिव्यक्ति मिलती है।' सुश्री नीलम सिन्हा ने 'सौत' कहानी के माध्यम से नारी मन की ममता और करुणा को रेखांकित किया और प्रेमचंद की लेखनी को सत्य के निकट बताया।

इस परिचर्चा में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। एम.ए. हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कामिनी वर्मा ने मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय प्रस्तुत किया, वहीं दीपक वर्मा ने उनकी प्रमुख रचनाओं पर प्रकाश डाला। एम.ए. इतिहास के छात्र छबिधर साहू ने 'गोदान' उपन्यास के विभिन्न सामाजिक पहलुओं की विवेचना की।

तामेश्वरी सिन्हा ने प्रेमचंद की कहानियों में निहित सामाजिक यथार्थ को उजागर किया। कार्यक्रम में तेजेश्वरी, धनिता यादव, पूजा साहू, तृप्ति, सेवती, टकेश्वर साहू, मनीषा पटेल, श्रुति, अमृता सहारे, केवलदास, डिकेश, पंकज वर्मा, गीतांजलि वर्मा, विद्या मानिकपुरी, करण मेश्राम सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मुंशी प्रेमचंद की अमर रचनाओं से प्रेरणा लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एसआईआर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता का नाम एक ही जगह हो-सुरेश सिन्हा



**मतदाता सूची के नाम को आधार से जोड़ा जाए- विजय राज शहर अध्यक्ष**

डोंगरगढ़(दावा)। ब्लॉक के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम के आह्वान पर एसआईआर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य संबंधी डोंगरगढ़ के जनपद पंचायत सभा हाल में बैठक आयोजित हुई। जैसा कि पूरे देश में मतदाता सूची की अनियमिता एक वोटर का कई जगह वोट डालने की शिकायत एक मकान नंबर पर 80 लोगों का रहना इस बात पर बहस छिड़ी हुई है। इसी कारण बिहार में पुनरीक्षण कार्य चल रहा था। बैठक बिहार के बैठक में निर्णय लिया गया कि क्यों ना पूरे देश में कराया जाए। इसलिए बीएलए, बीएलओ संबंधित बैठक पर अधिकारियों के द्वारा हर बिंदु पर चर्चा की गई।

जिस पर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने अधिकारियों से कहा, वही व्यक्ति डोंगरगढ़ में वोट डालते हैं। वही व्यक्ति नागपुर में वोट डालते हुए वही आदमी गुजरात में ऐसा नहीं होना चाहिए। एक व्यक्ति का एक जगह वोटर लिस्ट में नाम हो यह सुनिश्चित करें। इसलिए वोटर लिस्ट को आधार से जोड़ा जाए, डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा जब एक छोटा सा प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में कोई लोन लेने जाता है तो एक आधार कार्ड और पैन कार्ड देख कर यह बता देता है कि इनका कहीं लोन तो नहीं चल रहा है तो हमारे भारत निर्वाचन आयोग ऐसा क्यों नहीं करते यह एक हास्यास्पद बातें लगती है। इतनी टेक्नोलॉजी विकसित होने के बाद भी नाम काटने जोड़ने के विषय पर दोनों राष्ट्रीय पार्टी एवं अन्य राष्ट्रीय पार्टी के बीएलए सहमति देता है, तो उनका नाम काटना जोड़ना चाहिए। जो व्यक्ति कमाने गए हैं, अगर घर पर भी नहीं रहता, वोटिंग के समय आते हैं तो उसके परिवार से बात करके या टेलीफोन में बात करके उनका नाम वही रहे। यह सुनिश्चित करें अधिकारी बैठक में डोगरगढ़ निर्वाचन शाखा के अधिकारी उपस्थिति के साथ में कांग्रेस से विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा, पंचराम चंदेल, नरसिंग वर्मा, एडविन हैदर, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, पायल पूर्ति, संजीव बक्सरे, युवराज सेन, संजय सिन्हा, इमरान अहमद, वर्षा मेश्राम, निशा निर्मलकर, सलीम खान, परवेज खान, ईश्वर एवं बीजेपी से कैलाश सोनवानी, विनय बंसल उपस्थित थे।







राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू के नेतृत्व में राजनांदगांव जिला पंचायत के सभी 7 सभापति राजनांदगांव रायपुर में डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू, शिक्षा मंत्री प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए चर्चा किया गया है।

उपस्थित सभापति श्रीमती अनिता मंडावी, श्रीमती देव कुमारी साहू, श्रीमती जागृति यादु, श्रीमती बिराम मंडावी, श्रीमती शीला सिन्हा, श्रीमती किरण बारले, गोपाल भूआर्य, जनपद पंचायत डोंगरगांव उपाध्यक्ष मनीष साहू, भाजपा मंडल के महामंत्री रामकुमार मंडावी, अमर साहू अन्य भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में सभी मंत्रियों से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र के विकास का चर्चा किया गया है।

# कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

**सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान जहां दुर्घटना हुई है तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए वहां सुधार एवं मरम्मत कार्य करना है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नागरिकों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करें। वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने वाले नागरिकों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करें। कलेक्टर ने शहर की सड़कों से घुमंतु पशुओं को हटाने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को मवेशियों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर ले जाने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी मालिकों से जुर्माना वसूल करें। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, डीएसपी सुश्री तनुप्रिया ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया, टीआई ट्रैफिक नवरतन कश्यप, नेशनल हाईवे से मोहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सवः स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित एवं उत्पादित गुणवत्तायुक्त सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शनी

**लगभग 88200 रूपए के उत्पादों का हुआ विक्रय**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13 से 26 अक्टूबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में कार्यालय जिला पंचायत के सामने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित एवं उत्पादित गुणवत्तायुक्त सामग्री की विक्रय सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी सह विक्रय में सभी विकासखंडों से स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित एवं उत्पादित सामग्री का प्रदर्शन स्टॉल के माध्यम से किया गया। विक्रय सह प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जनसामान्य एवं शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा गुणवत्तायुक्त उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खरीददारी भी की गई। विक्रय सह प्रदर्शनी में जिले के सभी विकासखण्डों से कुल 50 महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं उद्यमियों द्वारा स्टॉल के माध्यम से आचार, मसालें, ए-2घी (भारत माता संकुल), चना दाल (स्वर्ण-उपज एफपीसी), अगरबत्ती, मोमबत्ती, नर्सरी, बांस कला उत्पाद, आर्टिफिसियल ज्वेलरी, पूजा सामग्री (सखी संकुल सोमनी), बड़ी, पापड़, फैंसी एवं श्रृंगार सामग्री, साड़ी एवं बैग सहित विभिन्न उत्पाद प्रदर्शनी में बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। विक्रय सह प्रदर्शनी के माध्यम से लगभग 88200 रूपए के उत्पादों का विक्रय हुआ। विक्रय सह प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जनसामान्य एवं अधिकारी व कर्मचारी ने प्रदर्शनी में शामिल होकर एवं उत्पादों को खरीदकर स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित किया।

# स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मरीजों का इलाज हो सरकार की पहली प्राथमिकता -गिरवर साहू



डोंगरगढ़(दावा)। वनांचल क्षेत्र ग्राम सितागोटा में रजत जयंती महोत्सव एवम विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू, घनश्याम यादव, सरपंच श्रीमति बबिता टेम्भूरकर, दुर्गेश साहू, सुरेंद्र सेउतकर, बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव के द्वारा माँ सरस्वती की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने एक नवम्बर सन 2000 को छत्तीसगढ़ का निर्माण किया और आज हम पच्चीसवीं वर्ष में रजत महोत्सव के रूप में एवम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप अपनी पूरी समपर्ण भाव से छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने वाले और वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस पर यह स्वास्थ्य शिविर समर्पित है।

गिरवर साहू ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवा का लाभ शिविर के माध्यम से अंतिम गाँव तक पहुचे और छोटे छोटे बीमारी एवं परीक्षण इस शिविर के माध्यम से हो ताकि मरीजों को कही भटकना न पड़े, ये सरकार की पहली प्राथमिकता है। यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारभाटा के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में 162 मरीजो का जांच हुआ, जिसमें बीपी 120, सुगर 120, आँख जांच 45, आयुष्मान 35 मरीजों का उपचार किया, इस शिविर में डॉ. सुचिता श्रीवास्तव बीएमओ, सुश्री मुक्ता कुजूर बीपीडब्ल्यू, डॉ योगेश कनौजे, डॉ. टी एल देवांगन, सौरभ यादव, एम आई कोमा, ललिता शर्मा, राकेश शर्मा एवं समस्त सीएचओ, एएनएम, आरएचओ मितानिन उपस्थित थे।

## सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री किया बरामद

बीजापुर। बीजापुर में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। ताड़पाला बेस कैंप से कोबरा 206, सीआरपीएफकी 229, 153 और 196 बटालियन के जवानों और बीजापुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने केजीएच तलहटी क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान, नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक सामग्री के एक बड़े ज़खीरे का पता चला। बरामद की गई सामग्री में 51 ज़िंदा बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर), एचटी एल्यूमीनियम तार के 100 बंडल, बीजीएल निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 50 स्टील पाइप, भारी मात्रा में बिजली के तार, 20 लोहे की चादरें और 40 लोहे की प्लेटें शामिल हैं।

# कमला कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 10 अक्टूबर 2025 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित इन कार्यक्रमों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर स्नातकोत्तर की छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें आज के दौर में बढ़ते तनाव, चिंता और अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे तेजी से उभर रहे हैं। समय रहते यदि इन पर ध्यान न दिया गया, तो ये गंभीर मानसिक विकारों का रूप ले सकते हैं। उन्होंने जागरूकता और सतर्कता को ही इनसे बचाव का सर्वोत्तम उपाय बताया।

छात्राओं द्वारा मानसिक स्वास्थ्यः चुनौतियां एवं रोकथाम विषय पर बनाए गए पोस्टरों की प्रदर्शनी भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इसके साथ ही अतिथि व्याख्याता डॉ. मोना माखीजा के मार्गदर्शन में ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को मंच पर आकर अपने विचार, अनुभव व मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी व्यक्तिगत बातें साझा करने का अवसर मिला। इस पहल से प्रेरित होकर लगभग 15 छात्राओं ने माइक पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एचके गरचा, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, प्राणीशास्त्र विभाग के आलोक कुमार जोशी तथा मनोविज्ञान विभाग के डॉ. ओमप्रकाश शर्मा एवं सुश्री शकाईना नाग की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आत्म-अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया, जिसकी सराहना सभी ने की।

# विकास पुरुष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को धन-धान्य से परिपूर्ण किया : राजेश गुप्ता अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह को उनके 73वें जन्मदिन के अवसर पर जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने विकास पुरुष बताते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री अग्रहरि ने एक बयान जारी करते हुए डॉ. सिंह के 15 वर्षीय मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियों को याद किया और कहा कि उनके नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ धन-धान्य से परिपूर्ण हुआ।

### विकास और जनकल्याण के कार्य

श्री अग्रहरि ने डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल की प्रमुख योजनाओं और कार्यों पर प्रकाश डाला। एक रुपये किलो चावल योजना : उन्होंने कहा कि इस योजना ने दूसरे प्रदेशों में रोजी-रोटी के लिए पलायन करने वाले छत्तीसगढ़िया लोगों को प्रदेश में ही रहकर सम्मान से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इसी कारण डॉ. सिंह चांउर वाले बाबा कहलाए। शिक्षा और स्वास्थ्य : गांव-गांव में स्कूल खोलकर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की गई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश को आगे बढ़ाते हुए कई एम्स और मेडिकल कॉलेज की स्थापना हुई। सड़क और कनेक्टिविटी : पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई चतुर्भुज सड़क योजना को डॉ. सिंह के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में लागू किया गया, जिससे सड़कों का जाल बिछा और प्रदेश विकास की रफ्तार से दौड़ने लगा।

### कांग्रेस पर निशाना

श्री अग्रहरि ने कांग्रेस की पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के समय छत्तीसगढ़ के संसाधनों को लूटकर मध्य प्रदेश को समृद्ध किया गया। जिससे छत्तीसगढ़ की अमीर धरती के लोग गरीब बन गए थे। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के शासनकाल में गरीबों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसके परिणामस्वरूप भूखमरी और पलायन दोनों खत्म हो गई।

### राजनांदगांव का गौरव

राजेश गुप्ता अग्रहरि ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने संस्कारधानी में विकास की गंगा बहाकर राजनांदगांव के माथे पर चार चांद लगा दिए हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम की माता मां कौशल्या की जन्मभूमि को समृद्धशाली बनाने और यहाँ के लोगों को आत्म-निर्भर व संस्कारशाली बनाने के लिए डॉ. सिंह की सराहना की।

# सेवा के पर्याय डॉ. रमन सिंह : शनिचरी डॉक्टर से चाउंर वाले बाबा तक सफर

**( आज 15 अक्टूबर को उनके 73 वें जन्म दिवस पर विशेष )**

**कोमल सिंह राजपूत**

**कुल सपूत जान्यो परे, लखि शुभ लच्छन गात,**
**होनहार बिरवान के होते चिकने पात।।**

होनहार और सेवाभावी छवि के डॉ. रमन सिंह इस फानी दुनिया में 15 अक्टूबर 1952 को अवतरित हुए। लेकिन इस बालक ने आगे चलकर अपने शुभ कर्मों से ऐसे मिसाल पेश की कि, गिरे -तबके लोगों से लेकर आम और खास आदमी उन्हें जन-नायक और चाउंर वाले बाबा के नाम से जानने लगे। कवर्धा के एक छोटी-सी डिस्पेंसरी से उन्होंने अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत पार्षद चुनाव लड़कर की और वह मध्यप्रदेश के जमाने में मंत्री और केंद्र में मंत्री पद से लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के दीर्घ अवधि तक के मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष के रुप में हिंदुस्तान के सफलतम राजनीतिक व्यक्तित्व के रुप में उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है।

मैंने उन्हें सेवाभावी इसलिए कहा कि वे कवर्धा की अपनी डिस्पेंसरी से लोगों की चिकित्सीय सेवा तो करते ही थे, लेकिन शनिवार के दिन वह अपनी डिस्पेंसरी बंद कर देवारों की बस्ती में जाते थे, और ग़रीब तबके को लोगों का मुफ्त में इलाज करते थे। इसलिए वे लोग उन्हें शनिचरी डॉक्टर कहा करते थे। आज इन गरीब तबके के लोगों के प्यार और आशीर्वाद ने डॉक्टर साब को कहां से कहां तक पहुंचा दिया।

जैसे कि प्रायः सभी जानते हैं कि उनका राजनीतिक सफर काफी उथल-पुथल रहा लेकिन उनकी धैर्यता और सौम्यता ने उन्हें हार नहीं मानने दी। जब वे विधानसभा चुनाव में मोतीलाल वोरा जैसे धुरंधर राजनीतिक को पछाड़ कर आगे बढ़े तो उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश का मुख्यमंत्री पद नसीब हुआ। कांग्रेस के हाथों से बीमारु और पिछड़े राज्य छत्तीसगढ़ की बागडोर सम्हाले डॉ. रमन सिंह ने लोगों के लिए बिजली पानी सड़क, स्वास्थ्य शिक्षा की मूलभूत सुविधाएं जुटाकर देश में इसे एक नये मुकाम में पहुंचा दिया। बीमारु राज्य का कलंक हटाकर डॉक्टर साब ने सबसे पहले पलायन को रोकने का काम किया और प्रदेश से रोजी-रोटी कमाने बाहर जाने वाले को एक रुपया किलो में चांवल उपलब्ध कराकर उनके कदम रोके और ग़रीबी रेखा से नीचे के लोगों को भी चांवल उपलब्ध कराकर वे चांउर वाले बाबा कहलाए। इसके पीछे उनका खुली आंखों से देखा गया स्वप्न था कि, उनके कार्यकाल में कोई गरीब न रहे, कोई भूखा न सोएं। डॉ. रमन सिंह आखिर वैसा कर भी गए।



## डॉ. रमन सिंह की लोकप्रियता का ग्राफ

डॉ. रमन सिंह की लोकप्रियता का ग्राफ कितना आगे रहा, इसे इस छोटे से तथ्य से जाना जा सकता है। जब देश के वरिष्ठ नेता व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी अपनी रथयात्रा लेकर कवर्धा जिले पहुंचे थे। रात को डेढ़ बजे डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व आम जनता में आडवाणी जी का भव्य स्वागत किया गया। इससे गदगद आडवाणी जी ने डॉ. सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की थी। डॉ. सिंह आगे बढ़ते गए और उनकी पूछ-परख न केवल भाजपाइयों में विरोधी दल के नेताओं में भी होने लगी। डॉ. साब की योग्यता और लोकप्रियता के आगे कांग्रेस जन भी पूरी तरह नतमस्तक होते थे। विधानसभा में कार्रवाई के दौरान प्रश्न और पूरक प्रश्न सहित विधानसभा की प्रक्रिया को कैसे क्रियान्वित किया जाए यह उनसे पूछा जाता था। डॉ. सिंह की समदर्शिता व शैली का परिणाम है कि, विपक्ष भी अपने प्रश्नों के लिए उनसे संपर्क करते थे। साथ ही मंत्रीमंडल के सदस्य भी अपने उत्तर हेतु उनके सान्निध्य आते थे।

## डॉ. रमन सिंह का जीवन संदेश

छत्तीसगढ़ के अनवरत रुप से 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह का जीवन संदेश यही रहा कि राजनीति सिर्फ सत्ता का साधन नहीं अपितु सेवा का माध्यम होना चाहिए। यही वजह है कि वे पद के पीछे कभी नहीं भागे, पद उनके लिए प्रशस्त होते रहा।

उनका कहना था कि आपके दरवाजा खटखटाने वाला हर व्यक्ति याचक नहीं, भगवान भी हो सकता है। यही भावना उसे हरदिल अजीज नेता बनाती है। उनकी सरलता और विनम्रता इतनी सहज है कि यदि कोई उनकी सीट पर बैठ जाएं तो उसे न उठाकर स्वयं बगल की कुर्सी खींचकर बैठ जाते हैं।

## बीमारु राज्य से विकासशील राज्य

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय प्रदेश की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी। लोग रोजगार की तलाश में देश की अन्य राज्यों की ओर पलायन करने विवश थे। गरीबी भूखमरी व पलायन जैसी समस्याओं से लोगों को उबारने और उनके जीवन में स्थायित्व लाने सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराने की योजना शुरू की। आदिवासी बहुल राज्य में आजादी के लगभग 55 वर्षों तक यह समाज अपनी मूल्यवान उपज चार- चिरौंजी, काजू, गोंद आदि मात्र थोड़े से नमक के बदले बेचने विवश थे। डॉ. सिंह ने इस शोषण की परंपरा को समाप्त कर देश में पहली बार कीमती वनोपज को किलो के हिसाब से तौल कर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी की नीति लागू की। छत्तीसगढ़ की सबसे गंभीर नक्सली समस्या आतंकवाद की चुनौती को उन्होंने केवल कानून व्यवस्था का नहीं बल्कि विकास का मुद्दा माना। उन्होंने बस्तर के युवाओं को पुलिस विभाग में सहायक आरक्षक के रुप में जोड़ा। नक्सल पीड़ित ट्राइबल बच्चों को शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों में निःशुल्क आवासीय शिक्षा दिलवाई। यही बच्चे आगे चलकर एसपी, कलेक्टर, इंजीनियर, डॉक्टर बने। दंतेवाड़ा में देश का पहला लाइवलीहुड कॉलेज स्थापित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित इस कॉलेज का मॉडल पूरे देश में स्टील डेवलपमेंट मिशन के रूप में अपनाया है। डॉ. रमन सिंह के पीडीएस प्रणाली की पूरे देश में चर्चा हुई और इसे देश में ही नहीं विदेशों में अपनाया गया।

## किसानों को आर्थिक स्वतंत्रता का नया अध्याय

कृषि व्यवस्था हमारे देश की रीढ़ है। छत्तीसगढ़ तो धान का कटोरा कहलाता है। लेकिन यहां के किसान लंबे समय तक कर्ज और ब्याज के बोझ तले दबे रहे। उन्हें कांग्रेस शासन काल में 14 प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण मिलता था। महाजन के चंगुल में फंसकर किसान अपनी जमीन और सम्मान खो देते थे। डॉ साब ने इस पीड़ा को समझा और ब्याज दर क्रमशः घटाकर शून्य प्रतिशत तक ले आए। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, फसल बीमा योजना माध्यम की सुरक्षा दी। डॉ. साब की इन योजनाओं ने छत्तीसगढ़ को कृषि समृद्धि का आदर्श राज्य बना दिया।

## एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सजीव मिसाल

डॉ. रमन सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा और उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक बीमारु, पिछड़े राज्य से निकालकर एक विकासशील आत्मनिर्भर और गौरवशाली राज्य में परिवर्तित किया। महिलाओं, युवाओं व बच्चों के लिए संवेदनशील नीतियां बनाई गई। शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र को बढ़ावा दिया गया। बाल हृदय सुरक्षा योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना व प्रधानमंत्री सीमा योजना लागू की गई।

उपरोक्त हिसाब से देखा जाए तो डॉ. रमन सिंह 'परहित सरिस धरम नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई' को अपने जीवन व कर्मों में उतारने वाला संवेदनशीलता से भरा जननायक हैं। ऐसे निष्कलंक, जनप्रिय, सहृदयी नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ की आत्मा कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आज हम सभी उनके 73वें जन्म दिवस पर भगवान से प्रार्थना करते हैं कि, डॉ. साब चिरायु हो, दीर्घायु हो, जिससे उनका आशीर्वाद हमें सदा मिलता रहे। आज भी उनका समदर्शी नेतृत्व छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक गौरव का विषय नहीं प्रेरणा पूंज भी बना हुआ है।

**जिला भाजपा अध्यक्ष, राजनांदगांव**

# चांदी के वर्क वाली मिठाई में 'नकली चमक' तो नहीं है? खरीदने के पहले चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। चांदी की कीमत 1,70,000 रूपये प्रति किलो हो गई है। शहर की विभिन्न दुकानों में चांदी 'आऊट आफ स्टाक' है। दो-चार दिन पहले आर्डर दो तो बमुश्किल चांदी मिलती है। तभी शहर की अनेक मिठाई दुकानों में चांदी के वर्क (बरख) वाली मीठाइयां विक्रेताओं को पोषा सकती है? दिवाली में हजारों किलो मिठाइयां बिकती हैं। कम से कम केवल दिवाली पर्व में ही यहां लगभग 50 लाख रूपयों की 'स्वीट्स' का कारोबार होता है। ऐसे समय क्या मिठाईयों पर लगा चांदी वर्क क्या असली है या नकली है? नकली होगा तो जन स्वास्थ्य को निश्चित ही नुकसान होगा। क्या यह जन हितकारी है? चांदी का वर्क असली है या नहीं? इसकी पहिचान कैसे होगी? ऐसे प्रश्न स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में उठे हैं।



**खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण अनिवार्य**

**सस्ती मिठाई लेने के चक्कर में ग्राहक चेक करता नहीं, व्यापारी अनुचित फायदा उठाते हैं!**

चांदी का वर्क याने अतिसूक्ष्म चांदी की चादर (लेयर)। जो मिठाइयों, पान, दवा और शाही मिठाइयों पर चमक और शोभा के लिए लगाई जाती है। सूत्रों के अनुसार एक किलो चांदी में से लगभग 55 से 60 हजार चांदी वर्क बनती है। औसतन एक किलो मिठाई पर 0.5 ग्राम जितनी चांदी का उपयोग होता है। याने कि 0.5 ग्राम की कीमत 85 रूपये होती है। क्योंकि एक ग्राम की कीमत 170 रूपए होती है। याने कि चांदी वर्क लगाने जाएं तो एक किलो मिठाई का खर्च 80 से 100 रूपए बढ़ जाता है। अगर विक्रेता दुकानदार प्रतिदिन 50 किलो मिठाई बनाता है तो केवल चांदी का वर्क का ही खर्च 4000 से 5000 रूपए दैनिक हो जाएगा। इस स्थिति में अनेक दुकानदार केवल प्रीमियम मिठाईयां काजू कथली, सुखे मेवा के लड्डू विशेष मीठाइयों में ही चांदी का वर्क लगाते हैं।

### नकली चांदी के वर्क में

नकली चांदी के वर्क में एल्युमीनियम, निकल अथवा मिश्र धातु का उपयोग किया जाता है। जो बाद में थोड़ी पीली, कठोर अथवा प्लास्टीक जैसे हो जाता है। नकली चांदी के वर्क के जलने से बास आती है। चांदी के विकल्प के रूप में फुडग्रेड सिल्वर पावडर जो खास डेकोरेटिव पावडर होता है, का उपयोग भी किया जाता है।

# उपभोक्ता आयोग ने तुमड़ीबोड में लगाया जागरूकता शिविर

**राजनांदगांव (दावा)। जिला उपभोक्ता आयोग, राजनांदगांव द्वारा राज्य शासन के निर्देशानुसार आम उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम तुमड़ीबोड में एक विशाल उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**



**ई-हियरिंग और उपभोक्ता अधिकारों की दी विस्तृत जानकारी**

पंचायत सभागृह में 13 अक्टूबर को आयोजित इस शिविर में लगभग 90 उपभोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और ई-हियरिंग जैसी आधुनिक सुविधाओं के संबंध में शिक्षित करना था।

## अधिकारों और कर्तव्यों पर फोकस

शिविर को संबोधित करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुन्डू ने उपभोक्ताओं के अधिकार एवं कर्तव्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता कौन है। वह कहां और किस प्रक्रिया से अपनी शिकायतें दर्ज करा सकता है। श्री कुन्डू ने उपभोक्ताओं को समाधान की प्रक्रिया सरल बनाने हेतु फोन पे जैसे डिजिटल माध्यमों से भुगतान करने की भी सलाह दी। सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू ने जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष व सदस्य का स्वागत करते हुए ग्राम में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए साधुवाद प्रकट किया।

## ई-जागृति पोर्टल और ई-हियरिंग की सुविधा

उपभोक्ता आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस ने उपस्थित सचिवों, सरपंचों, महिला समूहों और उपभोक्ताओं को ई-जागृति पोर्टल में शिकायत दर्ज करने की विधि समझाई। उन्होंने विशेष रूप से ई-हियरिंग की सुविधा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि किस प्रकार इस सुविधा का लाभ उठाकर उपभोक्ता घर बैठे ही मामलों की सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। डॉ. श्रीमती सुशनराज ने कार्यक्रम की उपयोगिता के संबंध में उपस्थित लोगों को बताया तथा उपभोग एवं उपभोक्ता के संबंध में जागरूक किया। ग्राम के बुजुर्ग डॉ. विध्या विलाश ने निराकरण की प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार का आग्रह किया। डॉ. गिरीश बख्शी ने जनसमूह से उपभोक्ता शिकायतों का निराकरण करने हेतु आयोग की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता हमलेन्दु हाजरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचगण, पत्रकार बंधु, तथा उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी रंजन कुमार टेंभरे, संतोष साहू, इश्वरी लाल बंजारे एवं हरप्रसाद यादव उपस्थित रहे। अंत में सचिव एवन साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।